हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

## अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग बना रहे गुरु पुष्य नक्षत्र को खास, सोना-चांदी सहित इलेक्ट्रॉनिक्स की एडवांस बुकिंग..इसके बाद धनतेरस में मिलेगा खरीदी का शुभ योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्वों और शुभ मुहूर्त के क्रम में 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। इस अवसर पर बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना है।

ज्ञात हो कि अक्टूबर माह में आगामी दिनों में धनतेरस एवं दिवाली पर्व है। इससे पूर्व 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। पंडित एवं पंचाग के अनुसार 24 अक्टूबर को सुबह 6.15 बजे से गुरू पुष्य नक्षत्र शुरू होगा। जिसका समापन 25 अक्टूबर को सुबह 7.40 बजे पर होगा। ऐसी मान्यता है कि गुरू पुष्य नक्षत्र योग पर खरीदी करने से लाभ मिलता है।

**बाजार में रौनक :** इधर लगातार पर्व का क्रम शुरू होने से बाजार में रौनक बनी हुई है। सुबह से देर शाम तक शहरी सहित ग्रामीण इलाकों से लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचकर पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी करना शुरू कर चुके हैं। अगले सप्ताह धनतेरस एवं दिवाली पर्व है, लेकिन उससे पूर्व 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है, जिसे सोना-चांदी अचल संपति खरीदी करने के लिए अति उत्तम मुहूर्त माना गया है। इस दिन बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना है। जिससे व्यापारियों में भी उत्साह का माहौल है।

**खास बातें**
- दिवाली पूर्व शुभ मुहूर्त को लेकर लोगों में उत्साह
- 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र, खरीदी के लिए लगेगी भीड़



### दुकानों में साज-सजावट
अक्टूबर माह में लगातार त्यौहारों के चलते बाजार में लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। इधर बाजार में भी इलेक्ट्रिक , इलेक्ट्रॉनिक, ज्वेलरी, कपड़ा, बर्तन सहित अन्य दुकानों में व्यापक साज-सजावट कर सामग्रियों का स्टाक किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने पर्व से पूर्व ही पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी शुरू कर दी है। आगामी दिनों में बाजार में और भी अधिक चहल-पहल बढ़ने की संभावना है। ग्रामीण इलाकों के बाजार में भी इन दिनों रौनक बनी हुई है। पर्व पर व्यवसायियों को बेहतर व्यवसाय होने की संभावना है।

### खबर संक्षेप



### दर्राबांधा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग
**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत तेंदूनाला के आश्रित ग्राम दर्राबांधा को ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर दर्राबांधा के ग्रामीण आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और ग्राम को पंचायत नहीं बनाए जाने पर आगामी चुनावों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। दर्राबांधा के लीला मंडावी, रमेश कुमार साहू सहित ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से वे अपने गांव को पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए स्थानीय नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक उनके ज्ञापन पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान में दर्राबांधा ग्राम पंचायत तेंदूनाला का आश्रित ग्राम है। ग्राम दर्राबांधा में आबादी काफी बढ़ चुकी है और इसे पंचायत का दर्जा दिया जाना चाहिए।

**गांव में चुनाव प्रचार पर रोक की चेतावनी :** कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनके गांव को पंचायत का दर्जा नहीं दिया गया तो आगामी पंचायत, जनपद, जिला पंचायत चुनाव का सभी ग्रामीण बहिष्कार करेंगे और किसी भी पार्टी के पक्ष में गांव का कोई भी व्यक्ति कार्य नहीं करेगा। वहीं गांव में चुनाव प्रचार के लिए नेताओं को घुसने की भी मनाही बैठक के माध्यम से की जाएगी।

### माए एंगल




### याचिका दायर होने के बाद हाईकोर्ट ने लगा दी थी प्रकाशन पर रोक
## परिसीमन खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट से खारिज, नए बदलाव अनुसार होंगे चुनाव!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के आदेश बाद राजनांदगांव नगर निगम में प्रशासन द्वारा किए गए परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर याचिका खारिज कर दी गई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान प्रदेशभर में दायर की गई याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है। जिसके चलते अब आने वाले दिनों में होने वाले निगम चुनाव नए परिसीमन के आधार पर ही कराया जाएगा। जल्द ही शासन परिसीमन का अंतिम प्रकाशन भी करेगा।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने राजनांदगांव नगर निगम में किए गए परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने प्रशासन द्वारा किए गए परिसीमन के खिलाफ याचिका दायर कर कहा था कि जब 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन किया गया है, तो नए परिसीमन की जरूरत ही नहीं है। इससे पहले भी 2019 में 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन किया जा चुका है। इसके साथ ही किसी भी वार्ड में 15 फीसदी तक ही नया इलाका या जनसंख्या जोड़ा जाना चाहिए, परन्तु स्थानीय प्रशासन ने 50 फीसदी तक जनसंख्या एवं इलाके को कई वार्डों में जोड़ा है, जो भी नियम अनुसार गलत है। इसके अलावा नए परिसीमन में कई वार्डों का आरक्षण भी प्रभावित हो रहा है। जिसके खिलाफ भी याचिका लगाई गई थी। हालांकि हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है।

**खास बातें**
- परिसीमन की प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने 25 जुलाई को लगाया था स्टे
- अब अंतिम प्रकाशन के बाद उसी आधार पर कराए जाएंगे निगम के चुनाव



### अंतिम प्रकाशन करेगा शासन
परिसीमन के बाद इसकी रिपोर्ट का प्रथम प्रकाशन 15 जुलाई को कर दिया गया था। इसमें करीबन 23 वार्डों की सीमाओं में बदलाव करने के साथ ही एक वार्ड विलोपित कर एक नया वार्ड बनाया गया था। जिसके बाद सात दिन तक चली दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में कुल 75 दावा-आपत्ति प्रशासन को प्राप्त हुई थी। इन दावा-आपत्तियों का परीक्षण कर प्रशासन ने अपना प्रपोजल तैयार कर लिया है। अब हाईकोर्ट से याचिकाओं के खारिज होने के बाद इसका अंतिम प्रकाशन शासन द्वारा किया जाएगा।

### अब चुनाव के इंतजार में नेता
उल्लेखनीय है कि पिछले दफा निगम के चुनाव दिसंबर महीने में पूरे हो गए थे। अक्टूबर में ही आचार संहिता भी लागू कर दी गई थी। ऐसे में निगम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेता भी आचार संहिता लगने के इंतजार में है। इसके साथ ही सभी इस पशोपेश में है कि इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से कराया जाएगा या अप्रत्यक्ष प्रणाली से? मिली जानकारी के अनुसार दिवाली के बाद ही चुनाव को लेकर आचार संहिता लगाई जाएगी।

### इस तरह के किए हैं बदलाव
जुलाई महीने में की गई परिसीमन प्रक्रिया के तहत राजनांदगांव नगर निगम के कुल 23 वार्डों की सीमाओं में परिवर्तन किया गया है। इसमें पूर्व में रहे वार्ड 21 मेडिकल वार्ड को विलोपित करने एवं वार्ड 30 कैलाश नगर को दो हिस्सों में बांटने से वार्ड 21 से 30 के मध्य वाले वार्डों के क्रमांक में एक अंक की कमी आई है। शहर के 51 वार्ड में कुल जनसंख्या 163114 हैं। इनमें अनुसूचित जाति के 12.67 प्रतिशत यानी 20701 जनसंख्या है। अनुसूचित जनजाति के 5.73 प्रतिशत यानी 9342 जनसंख्या है। प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या 3198 है।

## अवैध शराब बिक्री के 7 मामलों में आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने धरपकड़ अभियान के तहत 1 दिन में आबकारी एक्ट के 7 प्रकरणों में 8 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था।

**अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई:** जिसके तहत 21 अक्टूबर को थाना सोमनी पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 200 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 18000 रुपए एवं 96 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 12480 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2700 रुपए एवं 34(1) के 1 प्रकरण में 14 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 5 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमती 22700 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620 रुपए व शराब बिक्री रकम 180 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। चौकी चिखली पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 50 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4500 रुपए एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त 1 नग मोटर साइकिल जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36(च) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई है ।

### आरोपियों से एक बाइक जब्त
इस प्रकार जिले में कुल 34(2) के 3 प्रकरण में 4 आरोपी के पास से 280 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 25200 रुपए जब्त व 1 नग मोटर साइकिल जब्त, 34(1) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620 रुपए एवं 14 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 2270 रुपए जब्त एवं बिक्री रकम 180 रुपए जब्त कर इस प्रकार कुल 7 प्रकरणों में 8 आरोपियों के पास से जुमला मशरूका 53,570 रुपए जब्त की गई है।

## स्थानीय लोगों को व्यवसाय में प्राथमिकता देने महिला फुटकर विक्रेताओं ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्यौहारी सीजन में व्यवसाय करने वाली फुटकर विक्रेताओं ने स्थानीय लोगों को व्यापार में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची फुटकर महिला विक्रेताओं ने शहर के बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों को दीपावली पर्व के दौरान स्थानीयता के आधार पर प्राथमिकता देने की मांग रखी है।

दीपावली पर्व पर सुगम खरीदी-बिक्री को दृष्टिगत रखते स्थानीय पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था करने के लिए बैठक की गई है। वहीं बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया जा रहा है। इसी बीच अब स्थानीय फुटकर विक्रेताओं द्वारा व्यापार में प्राथमिकता देने की मांग की गई है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिला फुटकर व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि पसारा लगाकर व्यवसाय करने वालों के साथ कई बार अन्य प्रदेशों से आकर यहां व्यवसाय कर रहे लोगों के बीच लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन जाती है। जिससे निपटने के लिए प्रशासन स्थानीय लोगों को व्यवसाय में प्राथमिकता दे। फुटकर व्यवसायी राधिका ढीमर ने कहा कि वे लगभग 25-30 वर्षों से पूजन सामग्री विक्रय करने का व्यवसाय करती है। कई बार अन्य प्रदेशों से आकर व्यवसाय करने वालों के साथ विवाद की स्थिति बनती है।



### 31 तक दुकान लगाने अनुमति
पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा बाजार व्यवस्था को लेकर की गई बैठक के दौरान सड़क पर सामग्री बेचने वालों को 27 से 31 अक्टूबर तक व्यापार करने कहा गया है। ऐसे में अब दुकान लगाने के स्थान को लेकर फुटकर विक्रेता में खींचतान की स्थिति बन रही है और 27 तारीख को दुकान लगाने होड़ मचेगी।

## दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर की हड़ताल से जमीन की रजिस्ट्री प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने और गड़बड़ियों को रोकने के उद्देश्य से सुगम ऐप लागू किया गया है। इसके माध्यम से व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया की जा सकती है। जिसका विरोध भी अब दिखने लगा है। स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों द्वारा इस ऐप के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया गया है। स्थानीय तहसील कार्यालय में छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडर संघ के बैनर तले प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल करते स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखकों ने नारेबाजी की। वहीं सुगम ऐप में दिए गए प्रावधान का विरोध किया है।



**मौके में जाकर खींचनी है तस्वीर :** दस्तावेज लेखक संघ जिला अध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि शासन ने नए ऐप सुगम लागू किया है। उसमें एक कैमरा है। जिसको हमें रजिस्ट्री के पहले स्पॉट में जाकर फोटो खींचना है और उसे अपलोड करना है। उन्होंने कहा कि पहले ही दस्तावेजों को अपलोड करने में काफी समय लग जाता है, फिर अपॉइंटमेंट के लिए भेजना पड़ता है, इसमें काफी देर हो जाती है। इस ऐप का पालन करने में एक दिन में दो-चार लोगों की रजिस्ट्री भी हम नहीं कर पाएंगे।

### रजिस्ट्री कार्य प्रभावित
स्टाम्प वेंडरों ने बताया कि प्रदेशभर में 12 से 15 हजार दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडर हैं, जो हड़ताल पर हैं। इधर दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प वेंडरों के हड़ताल पर चले जाने से रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है और लोग रजिस्ट्री के लिए भटक रहे हैं। दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों ने आरोप लगाया है कि धीरे-धीरे दृष्टि प्रक्रिया डिजिटल करते हमें पंजीयन विभाग से अलग किया जा रहा है। जिसके चलते आने वाले समय में उन्हें रोजी-रोटी की संकट हो जाएगी।

### एमपी सरकार की तर्ज पर दिया जाए प्रबंधन का अनुदान
## समय पर उठाव नहीं, सूखत की मांग पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधकों ने धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सोसायटी कर्मियों ने साफ तौर पर कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो वे आगामी 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आह्वान पर समिति कर्मियों द्वारा सोमवार से धरना प्रदर्शन शुरू किया गया था। दो दिवसीय प्रदर्शन के अंतिम दिन आज दोपहर कर्मियों ने रैली निकाली और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सहकारी समिति प्रबंधकों ने धरना प्रदर्शन करते प्रदेश सरकार से धान खरीदी में सूखत लागू करने की मांग की है। समिति के प्रदेश महामंत्री ईश्वर श्रीवास ने इस दौरान कहा कि समिति के माध्यम से खरीदे गए धान का समय पर परिवहन नहीं होता है। जिसके कारण धान मई-जून तक समिति में पड़ा रह जाता है। जिसके बाद सूखत भरने का दबाव डाला जाता है। उन्होंने कहा कि दबाव के चलते कई समिति प्रबंधकों की जान चली गई है। अपने प्रदर्शन के दौरान समिति प्रबंधकों ने धान में सूखत का प्रावधान करने की मांग प्रदेश सरकार से की है।



### विचार करे सरकार
धान की सूखत की भरपाई सहकारी समिति के प्रबंधकों से नहीं की जानी चाहिए। परिवहन में काफी विलंब होता है। जिसका खामियाजा प्रबंधकों को उठाना पड़ जाता है। भाजपा की साय सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकार को इस मांग पर विचार करना चाहिए।
- **अशोक चौधरी,** किसान नेता

### नहीं करेंगे धान खरीदी
समिति प्रबंधकों ने कहा है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आगामी चार नवंबर से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोसायटी कर्मियों द्वारा धान की सरकारी खरीदी नहीं की जाएगी।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
- मुँहके कम खुलने का इलाज ।
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
- दांतों के इम्पलान्ट
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार

डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654







## खबर संक्षेप

### सायबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**खुज्जी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में गत 18 अक्टूबर को पुलिस विभाग ने साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में थाना डोंगरगांव के सहायक उप निरीक्षक देवकुमार रावटे, आरक्षक राकेश साहू, कार्यालय सहायक शुभम जैन, विमल जैन, प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू, व्याख्याता महेश ठाकुर, रूपेश नागपुरे, अर्जुन सोनी, सुषमा ऊके, सुमन शुक्ला सहित छात्र छात्राएं शामिल हुए। प्रभारी प्राचार्य श्री साहू ने एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि युवाओं में नशे की लत पड़ना चिंता का विषय है। नशा से युवा पथ भ्रष्ट हो रहे है। छात्रसंघ प्रभारी रूपेश नागपुरे ने सायबर क्राइम के विभिन्न तरीकों जैसे हैकिंग, फिशिंग, आइडेंटिफाई एवं थेस्ट पर विस्तार से जानकारी दी। श्री जैन ने छात्रों को सायबर अपराध से दूर रहने का आग्रह किया। सहायक निरीक्षक श्री रावटे ने सायबर अपराधों के कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए छात्रों को बच कर रहने प्रेरित किया।




### माता देवाला दर्शन यात्रा 24 को

**एलबी नगर।** विधायक दलेश्वर साहू द्वारा शुरू की गई माता देवाला दर्शन यात्रा अगले पड़ाव में आगामी 24 अक्टूबर को प्रसिद्ध कारीपाठ मंदिर से निकलेगी। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा की शुरूवात गत 17 अक्टूबर को डोंगरगांव से की गई थी। अंचल के प्रसिद्ध कारीपाठ मंदिर से शुरू होकर यात्रा मक्काटोला, एलबी नगर, नारायणगढ़ तक जाएगी। रामपुर में इस यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर जस सम्राट दुकालु यादव का कार्यक्रम रखा गया है।

### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** शिक्षक तोमेश्वरी साहू एवं श्यामकिरण नुन्हारे ने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों एवं शिक्षक स्टाफ के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया। सभी को सेवई, पुड़ी, पेन, मिठाई वितरित किया गया। इस दौरान प्रधानपाठक विमला बोरकर, अनिल कुंवर सेवता, नितेश कुमार लोन्हारे, रोशनलाल साहू, इंदु भुआर्य, सुरेंद्र मारकण्डे उपस्थित थे।



### एसपी ने किया तेजस्वी को सम्मानित



**ठेलकाडीह।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने तेजस्वी वर्मा को सोमवार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तेजस्वी वर्मा द्वारा साइबर जागरूकता अभियान एवं आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी दिए जाने के संबंध में आयोजित कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर सहयोग दिया। उनके प्रयास को देखते हुए जिले के कप्तान मोहित गर्ग ने सम्मानित किया है।

### शिक्षकों का प्रदर्शन 24 को

**सड़क अतरिया।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रदेश संगठन के आव्हान पर आगामी 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, समयमान, पदोन्नति, पुरानी पेंशन, 10 वर्ष की सेवा में न्यूनतम पेंशन, लंबित मंहगाई भत्ता व देय तिथि से एरियर्स राशि की मांग की है। हड़ताल को सफल बनाने मोर्चा के जिला संचालक संजयसिंह राजपूत, रामलाल साहू, ब्लॉक संचालक कौशल श्रीवास्तव, रामेश्वर वर्मा, तनुलाल साहू, बलदाऊ जंघेल, जयनारायण तिवारी, अनिल गंगे, दिलेश्वर देवांगन, गंगू टंडन, दयाल बंजारे, रवि तिवारी, मनोज मरकाम, शिव ख़ुशरो, दिनेश वर्मा, नंदकिशोर वैष्णव, रामसुख निषाद ने सभी शिक्षकों से अपील किया है।

### बच्चों ने बनाया उपयोगी मॉडल

**डोंगरगढ़।** डॉ अंबेडकर आदिवासी आश्रम बछेराभाटा में साइंस प्रोजेक्ट के तहत विद्यार्थियों ने जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया का मॉडल प्रदर्शित किया। विज्ञान शिक्षिका कृष्णा साहू और साकेत रजक के मार्गदर्शन में बच्चों ने यह प्रोजेक्ट तैयार किया था। शाला के लक्की कुमार, चैन प्रसाद, विनय कुमार, रूबीराज, किरण कुमार, नागेश कुमार, भावेश कुमार और ऐवन कुमार ने सामूहिक रूप से वॉटर प्यूरिफायर तैयार किया। बच्चों ने आश्रम में उपलब्ध बड़े- छोटे पत्थर, कोयला, रेत, रुई आदि का उपयोग कर वॉटर प्यूरीफायर बनाया था। प्रधानाचार्य एसजी मेश्राम ने बच्चों के इस मॉडल की प्रशंसा की।



## किसानों ने किया था कलेक्टर से शिकायत

# बीमारियों से फसल बर्बाद जायजा लेने पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

धान फसल के बर्बाद होने की कलेक्टर से शिकायत के बाद कृषि विभाग के सहायक संचालक वीरेंद्र अनंत टीम के साथ गांव पहुंचे। घुमका के किसानों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से सोमवार को मुलाकात कर बीमारियों से धान फसल बर्बाद होने की शिकायत की थी। उन्होंने भरपाई के लिए फ़सल बीमा से लाभान्वित करने की मांग की थी। कृषि विभाग के सहायक संचालक संजय राय, कीट वैज्ञानिक डॉ मनोज चंद्राकर, कृषि वैज्ञानिक मनीष सिंह, पौध रोग विशेषज्ञ विपिन कुर्रे, कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे, भारत उइके, नीरज श्रीवास्तव, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, सरपंच फूलमती वर्मा, महेंद्र सिंह, गंगेश्वर वर्मा, डीलेश्वर वर्मा, लूणकरण वर्मा, हिरजूदास वर्मा आदि ने खेतों तक जाकर कीट प्रकोप की जांच की। सहायक संचालक श्री अनंत ने बताया कि धान की फसलों में पेनीकल माइट तना छेदक ब्लास्ट जैसी बीमारियां देखने मिला है। मुआयना के बाद पंचायत में किसानों को कीट प्रकोप को रोकने का उपाय एवं फसल बीमा चक्र अपनाने कहा।



### बीमा लाभ का प्रावधान नहीं

नुकसान की भरपाई के संबंध में श्री अनंत ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कीट प्रकोप से होने वाले नुकसान पर बीमा राशि मिलने का प्रावधान नहीं है। सरपंच फूलमती वर्मा ने कहा घुमका के अलावा अन्य गांव में भी बीमारियों के प्रकोप से धान फसल प्रभावित हुई है।

# बुद्ध विहार में अष्टधातु की बुद्ध प्रतिमा स्थापित



**डोंगरगढ़।** आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार के तत्वावधान में नवनिर्मित बुद्ध विहार में अष्टधातु से 5 फुट की भगवान बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना गत दिनों किया गया। धम्म गुरु धम्मसेना नायक, आर्य नागार्जुन, भदंत सुरई ससाई, भदंत नागसेन, भदंत धम्मप्रकाश, भदंत भीमा बोधि, भदंत नागरत्न, भदंत कुमार कश्यप, भदंत अश्वजीत के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम सामूहिक वंदना कर विधि- विधान से प्रतिमा स्थापित कर मोमबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भिखु संघ ने मालयार्पण किया। मुख्य अतिथि धम्मसेना नायक, भंते सुरई ससाई ने इस मौके पर कहा कि भगवान बुद्ध के विचारों से विश्व प्रकाशमय हो गया है। उनके दिखाए मार्ग को देश और विदेश के लोग ग्रहण कर रहे हैं। वर्तमान में सबको बुद्ध के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रेमलाल मेश्राम, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, अलका जयेश सहारे, अनिता लोकेश इंदुलकर, माया भास्कर, शुभम बौद्ध, राजकुमार नंदेश्वर, अनिल मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, सिद्धार्थ नागदेवे, अनिल सहारे, मिलन टेम्बुलकर, नलिनी मेश्राम, सरोज लंजेवार, किरण मेश्राम, रेखा सहारे, मुन्नी लाऊत्रे, बिंदु अम्बादे, पंचशीला सहारे, दीपक ऊके, मनीष बड़ोले, अमिताफ दुफारे, विलास सहारे, हीरालाल मौर्य, गरीबदास गड़पायले, धन्नालाल गणवीर, सुरेश सहारे, चंद्रशेखर बोरकर, मुकेश कांडे, महेश बोरकर, करण नंदेश्वर, गौतम बंसोड, प्रणय बंसोड, बादल वालदे सहित अन्य उपासक - उपासिकाएं उपस्थित थे।

# चोरी का फरार आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आदर्श नगर निवासी शिवेन्द्र भगत ने 7 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गत 3 जुलाई को बाहर गया था। वापस लौटने पर मकान का ताला एवं आलमारी का लाकर टूटा हुआ मिला।

आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी सहित 9.50 लाख अज्ञात चोर चोरी कर ले गया थे। पुलिस ने धारा 331, 305 बीएनएस के अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। मामले की जांच के लिए पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की टीम गठित किया गया। दोनों टीम ने मामले की जांच करते हुए आरोपी अजय जैन पिता सुरेश जैन निवासी बसंतपुर, जितेन्द्र विश्वकर्मा पिता विजय विश्वकर्मा निवासी उमंग नगर रायपुर, दिव्या जैन पति अजय जैन निवासी बसंतपुर को पकड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी हजार बरामद किया था। प्रकरण में फरार आरोपी सुरेन्द्र, राजेश निवासी शिकारी महका की तलाश की जा रही थी। लगातार तलाश के बाद आरोपी सुरेन्द्र मूल नाम शाबिर अली पिता हदीश अली निवासी अली नगर बिजुरी, सुरेन्द्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर 21 अक्टूबर को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।




### शिक्षकों का धरना 24 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने आगामी 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना देने का निर्णय लिया है। एलबी संवर्ग की 20 वर्ष से अधिक की सेवा को शून्य करने से नाराज शिक्षकों की हड़ताल से स्कूलों में तालाबंदी के हालात पैदा होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा संवर्ग के जिला संचालक गोपी वर्मा, रमेश साहू, छन्नूलाल साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में 24 अक्टूबर को धरना के बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# रोज करें आत्म अवलोकन मिलेगी शांति : भदंत उत्तमो



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वर्षावास के 73 वे दिन भिक्खु संघ की उपस्थित में नागसेन बुद्ध विहार' में धम्मदेशना का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के भदंत आतापी संपजानो, भदन्त दिट्ठी विशुद्धी, भदंत उत्तमों मग्गो, डोंगरगढ़ के भदंत नागरत्न ने त्रिशरण, पंचशील देकर उपस्थित उपासक एवं उपासिकाओं के दुरूख मुक्ति एवं मंगलमय जीवन के लिए विपश्यना ध्यान कराया। भदंत दीठ्ठी विशुद्धी ने वर्षावास का महत्व बताया। भंते ने अपनी धम्मदेशना में कहा कि पुर्णिमा, अमावस्य और अष्टमी को उपोसत धारण करना चहिए। भदंत उत्तमों मग्गो ने कहा कि मनुष्य को रोज सोते समय अपना विश्लेषण करना चाहिए कि आज मैने क्या बोला, क्या गलत किया और कल ऐसा नहीं होगा, ऐसी भावना करने से सुबह ताज़ा महसूस करेंगे। कार्यक्रम का संचालन अमिताभ दुफारे ने किया। इस मौके पर बसंत नंदेश्वर, द्वारका भोयर, गौतम रामटेके, पुरुषोत्तम रामटेके, मिलिंद वैद, माया भास्कर, रेखा सहारे, ज्योति मेश्राम, पदमा मेश्राम, राधिका जंघेल, रीना सहारे, सारिका बडोले, संजू गजभिए, माया सोमकुवर, सीमा सहारे, सुनंदा मेश्राम, नंदु गजभिए, भाविका कठाने आदि मौजूद थे।

### पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव

**डोंगरगांव।** राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में बदलाव किया है। निर्वाचक नमावली का दावा- आपत्तियां पेश करने की अंतिम तिथि को एक सप्ताह बढ़ाते हुए 30 अक्टूबर. नियत किया गया है। घोषित कार्यक्रम के दावे- आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, दावे- आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि 8 नवंबर, प्रारूप क- 1 में प्राप्त दावा का 12 नवंबर, दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर, परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 20 नवंबर तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 27 नवंबर को होगा।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मतदान करने का लिया संकल्प

**डोंगरगांव।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जाबो कार्यक्रम के तहत बुनियादी प्रशिक्षण संस्था में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्राध्यापकों को मतदान करने और आसपास के लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर केपी साव, रेवाराम देशलहरे, देवेश जैन, नन्हूराम लेंझारे, नरेन्द्र चन्द्रवंशी, इंद्रकुमार सिन्हा, संतोष सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

### सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत क्षेत्र में सड़क निर्माण और मरम्मत के नाम से बड़ी गड़बड़ी सामने आ चुकी है। सन 2020 से 2023 तक किए गए निर्माण कार्यो की गडबड़ी का खुलासा होने के बाद कार्रवाई तो दूर जांच तक नहीं हुई है। लाल बहादुर नगर के मंडल चौक से मुंगलानी, कोहलाकसा तक 2023 में निर्माण किया गया था। सड़क निर्माण के बाद दोनो ओर पटरी फिलिंग नहीं किया गया है। ठेकेदार और इंजीनियर की उपस्थिति में सड़क के आसपास की मुरूम को खोदकर शोल्डर में डाला जा रहा था। ग्रामीणों के विरोध के बाद काम बंद हो गया लेकिन एक साल बाद भी उसे पूरा नही किया गया। सरपंच हेमलाल वर्मा ने सडक, पुल, पुलिया के निर्माण में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।

### मोटर साइकिल से गिरा मजदूर, मौत

**घुमका।** मुड़पार देवादा मार्ग पर हुई दुर्घटना में सोमवार को भैसातरा निवासी कुंजराम यादव का निधन हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतक अपने साथी रामकुमार साहू के साथ मोटरसाइकिल हीरो क्रमांक सीजी 08 एमएम 8809 से सोमनी विद्युत कार्यालय गया था। वापसी के दौरान हादसे का शिकार हो गया। बताया गया कि चक्कर आने से वह वाहन से गिर गया। इस दौरान पैरदान में उसका पैर फंस गया जिसके कारण घिसटने से उसके सिर पर गहरी चोट आई। अत्यधिक रक्त श्राव होने से उसकी मौत हो गई।

### भौगोलिक स्थिति के मद्देनजर कांग्रेसियों ने रखी मांग

# इतवारी बाजार में पुलिस चौकी खोलने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के सबसे व्यस्ततम चौक ईतवारी बाजार में पुलिस चौकी खोलने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोंपा।


नपा नेता प्रतिपक्ष और वार्ड पार्षद दीपक देवांगन, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन व जिपं सभापति विप्लव साहू ने एसपी त्रिलोक बंसल को ईतवारी बाजार की भौगोलिक परिस्थिति, यातायात के दबाव, साप्ताहिक बाजार के कारण उमड़ने वाली भीड़ सहित अन्य समस्याओं की जानकारी देते हुए पुलिस चौकी प्रारंभ करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि साप्ताहिक बाजार के अलावा सामान्य दिनों में भी ईतवारी बाजार मे काफी भीड़ रहती है।



**क्षेत्र में लगातार असामाजिक तत्वों के कारण लोग परेशान**

सैकड़ों छोटे बड़े व्यापारी व्यापार करते है, लेकिन दिनों दिन पूरा इलाका असमाजिक तत्वों की गलत हरकतों के कारण हताश परेशान हो गया है। कभी ठेले वाले से तो कभी खोमचे वालो से नशे के कारण असामाजिक तत्व रोजना गाली गलौच और मारपीट करते है, रोज किसी ना किसी दुकान का ताला टूट रहा है जिसके कारण वहॉ आने जाने वालो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इलाके में शांति व्यवस्था के साथ आम लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने वहॉ पुलिस चौकी खोलना नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने नपा द्वारा नवनिर्मित व्यावसायिक परसिर की दुकान को चौकी के लिए सहज स्थान बताया। गौरतलब है कि गोल बाजार से सब्जी बाजार ईतवारी बाजार में व्यवस्थापन के दौरान ईतवारी बाजार में पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई थी, लेकिन बीते समय के साथ वहॉ ताला लग गया है।

# भोकर विस की जिम्मेदारी मिली विक्रांत सिंह को



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- महाराष्ट्र के भोकर विस अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कर रहे प्रचार

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में होने जा रहे विधानसभा चुनाव मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को नांदेड़ जिलांतर्गत भोकर विधानसभा सीट की जिम्मेदारी मिली। जिसे लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विधानसभा क्षेत्र में भाजपा मंडल स्तर व शक्ति केन्द्रों में लगातार पहुंचकर कार्यकर्ताओं से रुबरु होकर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देकर चार्ज कर रहे है। भोकर विधानसभा क्षेत्र के अर्धापुर, मुदखेड़, आमदुरा, मुगट शक्ति केन्द्र, बारड जिपं सर्किल सहित भोकर शहर और ग्रामीण शक्ति केन्द्रों में बैठक लेकर उन्होंने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा किया साथ ही उन्हें बूथ स्तर में भाजपा सरकार की योजनाओं को हर घर में बताकर मतदाताओं को पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। विक्रांत सिंह ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक राव चौहान से मुलाकात कर चुनाव के संबंध में जानकारी साझा कर बैठक की जानकारी दी वही प्रत्याशी के सुनिश्चित जीत को लेकर रणनीति पर चर्चा की। गौरतलब है कि महाराष्ट्र प्रदेश में नांदेड जिलातंर्गत आने वाला भोकर विधानसभा सीट काफी वीआईपी सीट है और इस दफे पार्टी ने पूर्व सीएम अशोक राव चौहान की पुत्री को प्रत्याशी बनाया है।

## अच्छे लोग राजनीति में नहीं आएं तो बुरे लोगों का शासन झेलना पड़ता है : साहू

- मोहला में धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मोहला जिला मुख्यालय में आयोजित धम्मचक्र अनुवर्तन दिवस मे जिपं सभापति विप्लव साहू शामिल हुए। प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र के वक्ताओं के साथ बतौर विशिष्ट अतिथि व वक्ता के रूप में मौजूद जिपं सभापति विप्लव साहू ने जीवन, शिक्षा और राजनीति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा की आज भारतीय राजनीति व्यवस्था इतिहास की गलतियों को ठीक करने का प्रयास है।

आज युवाओं, महिलाओं और शिक्षित अन्य सभी को अपने अपने राजनीतिक नजरिए को दुरुस्त करने की जरूरत है ताकि अच्छे लोग राजनीति में आएं नही तो बुरे लोगों का शासन झेलना पड़ेगा। उन्होंने देश सेवा को महज सैनिक का कार्य नही बल्कि हर व्यक्ति किसान, पुलिस, शिक्षक, अधिकारी और नेता को देश हित मे कर्तव्य निर्वहन को सच्ची देश भक्ति बताया वही नैतिक और वैज्ञानिक सभ्यता को



विकसित करते हुए युवा और महिलाओं के अधिकारों के समग्र उत्थान पर लगातार कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

आयोजक संयोजक चंद्रप्रकाश जांबुलकर ने कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों व गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नवीन एमएमसी जिले में पहली दफे इस प्रकार का धम्मचक्र अनुर्वन दिवस का आयोजन हुआ है जिसमे उम्मीद से ज्यादा लोग शामिल हुए।

## वेतन विसंगति दूर करने सहित पांच मांगों को लेकर शिक्षक संवर्ग 24 से जाएंगे हड़ताल पर

- प्रशासनिक अधिकारियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य पांच मांगों को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने गुरूवार 24 अक्टूबर से हड़ताल पर जाने की सूचना दी है। प्रदेश के चार बड़े शिक्षक संगठनों ने मिलकर छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मांगों को लेकर चरणबद्ध कार्य योजना का शंखनाद किया है जिसमें प्रांतीय निर्देश पर गुरूवार 24 को जिला स्तरीय रैली व धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



हड़ताल को लेकर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व विभाग को शिक्षक संवर्ग ने सूचना दे दी है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक रामलाल साहू, सुनील शर्मा, अनुराग सिंह, संजय सिंह राजपूत साथ ब्लाक संचालक छुईखदान कौशल श्रीवास्तव और खैरागढ़ दुर्गेश कुमार सोनी ने बताया कि वेतन विसंगति दूर कर एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान देने, उसका विभागीय आदेश जारी करने, पुनरीक्षित वेतनमान का सही निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर 20 साल पूरा करने पर पूरे पेंशन का प्रावधान करने और शिक्षक संवर्ग व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से चार प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स के साथ देने की मांग शिक्षक संवर्ग कर रहा है।

अधिकारियों को सूचना देने के पूर्व बैठक में चरणबत्र आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार की गई जिसके बाद हड़ताल की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई। इस दौरान प्रणय महोबे, भगवती प्रसाद सिन्हा, कोमल चंद कोठारी, शिव चरण वर्मा, संजू कंवर, विक्की नेताम, संतोष तोड़े, पूर्णेश वैष्णव, आरिफ खान, तेजेश्वर वैष्णव, हेमलाल कौशिक, साधना जंघेल, सुलोचना रामटेके, अनामिका मेश्राम, विरेन्द्र पटेल, शिवचरण खुसरो, नंदकिशोर सिमकर, भीखम वर्मा, कृपाल वर्मा, राजेश लोधी, कृष्णा वर्मा, तोकराम सिन्हा, हब्बूराम कंवर सहित साथ सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

मोर्चा संचालक रामलाल साहू ने सभी संवर्ग सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक, शिक्षक, व्याख्याता साथियों से गुरूवार 24 अक्टूबर को धरना स्थल पहुंचकर एकता के साथ अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने उपस्थिति की अपील की है।

## जनजाति के इतिहास पर कार्यशाला



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर की निर्देशन में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला संयोजक प्रो मनोहर बोकड़े एवं सहसंयोजक प्रो अरुण कुमार साहू तथा मुख्य अतिथि राजीव शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि नंदेश्वर श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती, बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण किया गया। पूजा एवं डोमेश्वरी ने सरस्वती वंदना और राज्य गीत प्रस्तुत किया।

प्राचार्य डॉ ठाकुर ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की वीरता को प्रस्तुत किया। अतिथि व्याख्याता कविता यदु ने जनजातीय समाज के इतिहास की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह का स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका को बताया। मुख्य अतिथि राजीव शर्मा ने भगवान राम की कहानी, तिलका मांझी के संघर्ष, संथाल क्रांति, जनजाति समुदाय का संघर्ष, आत्मसम्मान, मातृभूमि की रक्षा के लिए अटूट निष्ठा का वर्णन किया। संचालन रासेयो प्रभारी प्रो बीआर चंद्रवंशी ने किया। रासेयो स्वयं सेवकों ने जनजाति समाज की परंपरा, संस्कृति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ हेमलता गायकवाड़, रीना सलामे, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता प्रतीक्षा, प्रीति साहू, कामिनी वर्मा, रूपेश बंसोड़, हेमंत कंवर, बलराम साहू, डीएल यादव, गुप्तेश्वर ध्रुव, गौतम रगड़े, मंशाराम चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## संस्कृत भारती संगठन ने मनाया महर्षि जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आरएसएस के संस्कृत भारती संगठन में महर्षि वाल्मिकी की जयंती मनाई। तुरकारी पारा के आरएसएस शाखा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में महर्षि की वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना बाद मूल रामायण का पाठ किया गया। महर्षि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण में उद्धृत विषयों की जानकारी दी गई वही रामायण को पढ़ने पढ़ाने व उसमें शामिल विषयों को आत्मसात कर जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा दी गई।

**भगवान राम से लें प्रेरणा**

संस्कृत भारती के नगर मंत्री दानेश्वर साहू, प्रदेश के राजगीत अरपा पैरी की धार गीत को संस्कृत मे गाकर जनजन के बीच लोकप्रिय चंचल तिवारी ने भी कार्यक्रम में महर्षि से जुड़ी बातों को साझा कर भगवान राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने कहा। इस दौरान बड़ी संख्या मे वार्डवासी व आरएसएस के लोग मौजूद थे।

जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर किशनराज जैन रहे। पर्यावरण संयोजक मनोहर चंदेल ने रामायण के अप्रतिम नायक भगवान रामचंद्र के जीचन चरित्र को अंगीकार करने कहा गया वही महर्षि की जीवनी और उनके द्वारा रचित महाकाव्य मूल रामायण का पठन कर अनुवाद किया गया।

## भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान 30 तक

**गंडई पंडरिया।** सदस्यता अभियान को लेकर मंडल भाजपा के तत्वावधान में 11 शक्ति केंद्र और 56 बुथ की बैठक का आयोजन वार्ड 5 के मंगल भवन में किया गया। जानकारी के अनुसार 2 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया गया था। अब 16 से 30 अक्टूबर के मध्य सक्रिय सदस्यता अभियान जारी है। बैठक में कार्यकर्ताओ को सक्रिय सदस्यता फॉर्म भरने के साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम सक्रिय सदस्य बनने हेतु आवेदन प्रक्रिया, सक्रिय सदस्यता शुल्क एवं दीप कमल पुस्तक शुल्क के बारे में बताया गया। सभी से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता ग्रहण करने कहा गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, अनिल अग्रवाल, राकेश ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, राकेश ठाकुर, श्याम पाल ताम्रकार, गोपाल साहू, टूम्मन साहू, टेकन देवांगन, संजय अग्रवाल, मंगल जैन, दूजेराम वर्मा, जागेश्वर देवांगन, उदय देवांगन, धरमु पटेल, लीलाराम साहू ,भीखु हिरवानी, सेवक जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे अंत मे वरिष्ठ नेता लीलाराम साहू की धर्मपत्नी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।



### सिंघोला में आज राग अनुराग की प्रस्तुति

**हरदी।** सिंघोला में आदर्श दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में लोक मंच राग अनुराग दुर्गा वालों का कार्यक्रम कल 23 अक्टूबर को रखा गया है। ग्रामवासियों ने आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

**महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस**
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

### श्रीकृष्ण जन्म उत्सव उत्साह से मनाया गया

# नंदोत्सव के रंग में रंगा कथा परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाजार अतरिया रोड मे शनि मंदिर के पास ममता परिसर में दीक्षित परिवार द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा मे व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज की मौजूदगी में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव उत्साह और उमंग साथ मनाया गया।

कथा व्यास आचार्य पंडित रामप्रताप शास्त्री कोविद द्वारा नंद बाबा के घर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन करने से आयोजन स्थल का पूरा माहौल नंदोत्सव के रंग में रंग गया और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल साथ समूचा परिसर गूंज उठा। कथा प्रसंग के दौरान शास्त्री ने कहा कि भगवान युगों युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आए हैं वो अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है और भक्तों की दुविधा कभी देखी नहीं जाती जिसके कारण भक्तों की कामना पूर्ति करने के साथ ही उनसे स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते है।

कथा के दौरान उन्होंने वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि हर पर भक्तों के साथ मौजूद भगवान उनके हाथों से प्रेम भाव के साथ दी वस्तु उसी तरह ग्रहण करते हैं, जिस तरह से उन्होंने द्रौपदी का पत्र और गजेंद्र का पुष्प ग्रहण किया था। भगवान ने कालरुपी मगर से भक्त गजराज की रक्षा की तो द्रौपदी के पुकार पर उसका संकट मिटाने स्वयं दौड़े चले आए। यह सारी कथाएं प्रमाणित करती हैं कि भक्तों के भाव से सदा बंधे रहने वाले भगवान उनसे अपना स्नेह निभाने खुद आते है।

**माता-पिता के पांव पखारने के बाद नहीं किसी की आवश्यकता**

पंडित रामप्रताप शास्त्री ने कहा कि ठाकुरजी यह कभी नहीं चाहते कि उसके भक्त के पास अहंकार रहे। भक्त से यह कहते हैं कि मुझे वो वस्तु भी अर्पित कर दो जो मैने तुम्हें कभी नही दी है। अहंकार मैंने नहीं दिया बल्कि इसे अपने भीतर तुमने खुद तैयार किया है। भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरे सब कुछ वही है, मेरे पास अपना जो कुछ भी है वो उनका है। गजेंद्र मोक्ष की महिमा बताते हुए कहा कि जो यह पाठ करता है उस पर भगवत कृपा सदा बनी रहती है, संकट सपने में भी नहीं आता। उन्होंने कहा कि माता-पिता के चरण पखारने के बाद किसी और के चरण वंदन की आवश्यकता नही है। जीवन में सब कुछ जरूरी है पर मर्यादा के अंदर हो तभी तक सब ठीक है। समुंद्र मंथन से जुड़ी रोचक कथा सुनाते हुए कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है, ठीक उसी प्रकार जैसे अहंकार से ग्रसित दानवों ने समुंद्र मंथन के समय बासुकी नाग के मुख को पकड़ना श्रेयस्कर समझा और भगवान के मोहिनी रूप पर मंत्र मुग्ध हो उठे। भगवान के वामन अवतार को तीन कदम दान में देने के बाद राजा बलि को पाताल लोक की शरण लेनी पड़ी इसलिए कुछ भी करो, सोच समझ कर करो, जो कुछ भी बोलो तोल-मोल कर मीठा और मधुर बोलो। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास के लोग कथा पंडाल में उपस्थित थे।

## कम्युनिटी साइबर जागरूकता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- भारत माता स्कूल में साइबर से संबंधित जानकारी दी गई

शहर के पिपरिया वार्ड स्थित भारत माता स्कूल मे जिला पुलिस साइबर सेल के सहयोग से अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन ने कम्यूनिटी साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

एसपी त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन और साइबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा के निर्देशन में कमलेश श्रीवास्तव ने वित्तीय फ्रॉड और लैंगिक ट्रैप से बचने की जानकारी दी। भारतमाता स्कूल सहित अन्य शासकीय व निजी शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और पालकों के लिए स्टूडेंट्स पेरेंट्स काउन्सलिंग का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक समीर खान ने कहा कि वार्ड में इस तरह का पहला काउंसलिंग का आयोजन है, जिसमे बच्चों और पालकों को एक साथ शामिल किया गया है।

फेडरेशन अध्यक्ष डॉ. मकसूद ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद बच्चों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अंर्तविषय अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना और पालकों में शैक्षिक जागरूकता का विकास करना है। जहीन खान, शमसुल होदा खान ने बच्चों और पालको को शैक्षिक विकास के प्रोत्साहित किया।



**प्री-प्राइमरी से कॉलेज तक के 45 विद्यार्थी व पालक रहे मौजूद**

काउंसलिंग कार्यक्रम में पिपरिया वार्ड में निवासरत मुस्लिम समाज के प्री-प्राइमरी से कॉलेज तक के 45 विद्यार्थी और उनके पालक मौजूद थे। इस दौरान काउंसलर टीम के शमसुल होदा खान, शेख कलीम खान, जहीन खान, गजाला खान, सीमा खान, साबिरा सरधारिया, नाजरीन नियाजी ने सभी विद्यार्थियों का उनके पालकों के समक्ष बच्चों की रुचि, प्रतिभा, कैरियर लक्ष्य सहित शैक्षिक बाधा की जानकारी निर्धारित प्रपत्र मे भरा ताकि उसके आधार पर बेहतर सहयोग किया जा सके। काउंसलिंग मे स्टूडेंट्स और पालक से डेटा कलेक्ट करने जैसी बेहद जटिल प्रक्रिया को सहजता से पूरा किया गया। एकत्रित डेटा का विश्लेषण करके बेहतर योजना बनाकर सबके सहयोग से कार्य किया जाएगा। इस दौरान स्कूल संचालिका सीमा जैन, शिक्षिका मिताली वर्मा सहित फेडरेशन के कय्यूम कुरैशी, अमीन मेमन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी पालक व वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन शमसुल होदा खान और आभार प्रदर्शन जहीन खान ने किया।

### आम सूचना

मेरा पक्षकार मनोज कुमार अग्रवाल निवासी जय स्तंभ चौक डोंगरगढ के द्वारा सदाराम वर्मा पिता तुलसीराम वर्मा, राजीव वर्मा पिता तुलसीराम वर्मा दोनों निवासी ग्राम मोहारा तह. डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के हक व स्वामित्व की भूमि जो ग्राम गाजमर्रा प.ह.नं. 29 के खसरा नं. 56/2 रकबा 0.117 हेक्ट., 86/4 रकबा 1.214 हेक्ट., खसरा नं. 86/5 रकबा 0.405 हेक्ट. कुल रकबा 1.736 हेक्ट. को क्रय करने का पक्का सौदा कर सौदा सुदा भूमि का समय सीमा के भीतर भुमि स्वामी के द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन न किये जाने के कारण संविदा का विशिष्ट पालन हेतु एक व्यवहार वाद माननीय जिला न्यायाधीश महोदय डोंगरगढ़ के न्यायालय में पेश किया गया है, जो सुनवाई हेतु दिनांक 26/10/2024 के लिए नियत है, चूंकि उक्त भूमि के संबंध में व्यवहार वाद व्यवहार न्यायालय मे लम्बित है। ऐसी स्थिति में यदि कोई अन्य व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का प्रयास करता है तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदार होगी।
दिनांक :- 22/10/2024
स्थान :- डोंगरगढ़
**एम.के.एस. परिहार** (अधिवक्ता)
वार्ड नं. 21 कोर्ट चौक, डोंगरगढ़
तह. डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### चारभाठा में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 30 को



**राजनांदगांव।** ग्राम चारभांठा-ठेलकाडीह में एक दिवसीय भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर को स्टार क्लब गौरी गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने बताया कि सामूहिक प्रवेश शुल्क 121 रुपए व एकल-युगल 101 रुपए रखा गया है। कार्यक्रम में अनेक आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष स्टार क्लब गौरी गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, संरक्षक कैलाश साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी संजू साहू ने दी है।

### राजनांदगांव थियेटर ग्रुप का आयोजन, रंगकर्मी रितेश का निर्देशन

# नाटक 'सरबजीत' की जीवंत प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम गौरवपथ में 20 अक्टूबर को शाम 8.30 बजे पंजाब की सत्य घटना पर आधारित नाटक सरबजीत का शानदार मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में एसपी मोहित गर्ग, त्रिलोक सिंह बग्गा राजनांदगांव व डॉ. थॉमस अब्राहम एमडी क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल उपस्थित थे। नाटक सरबजीत की लेखिका उत्कर्षनी विशिष्ठा और निर्देशन रंगकर्मी रितेश सिंगाडे ने किया था। नाटक सरबजीत स्व. दीपक विराट प्रसिद्ध रंगकर्मी व स्व. सैयद शोएब अली रंगकर्मी व लेखक राजनांगदगांव के स्मृति में किया गया।

नाटक में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क था। शहर के लगभग एक हजार लोगों ने इस नाटक का मंचन देखा और राजनांदगांव थियेटर ग्रुप को ऐसे नाटकों की प्रस्तुति के लिए बधाईयां दी।



#### नाटक में थे 18 पात्र

नाटक की अवधि 1.30 घंटा थी। साथ ही इस नाटक में कुल 18 पात्र थे, जो विभिन्न किरदारों में दर्शकों को नजर आए। नाटक में लाईट व्यवस्था अनिकेत द्वारा की गई थी और मंच संचालन रौशन साहू द्वारा किया गया।

#### दर्शकों को बांधे रखा

नाटक सरबजीत में सरबजीत के पिता की भूमिका विनोद गौतम तथा सरबजीत की पत्नी की भूमिका रीना श्रीवास ने अदा की, जो काबिले तारीफ थी। इस नाटक में अमोद श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चंद्राकर, प्रभा लकरा, कन्हैया, रूपेश साहू, भारत सोनी, बम्ह भटटू, भुपेश सिंह, फहीम, शेखर, गुरूमीत सिंह भाटिया, मास्टर रक्षित सिंगाडे व बेबी अवनी, मुस्कान व अदिती वांडे ने अपने अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा।

#### दर्शकों की लूटी वाहवाही

नाटक सरबजीत में सरबजीत की बहन दलबीरे जो अपने भाई के लिए सरकार और दोनों देशों के राजनीतिक षडयंत्र का शिकार होती है और अंत तक अपने भाई के लिए लड़ती है। दलबीरे के अभिनय ने भी दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी, जिसे ज्योति ने निभाया।

#### नाटक युवा किसान की कहानी

नाटक सरबजीत में पंजाब के तरणतारण जिले के गांव भिखीविंड के एक मध्यम वर्गीय युवा किसान की कहानी है। जिसमें वह पाक सीमा के पास अपने दोस्त के साथ शराब पीता है और ज्यादा नशा होने पर वह गलती से पाकिस्तान सीमा में घुस जाता है और यहां से शुरू होती है अमानवीयता और भयावह दर्द की कहानी। साथ ही एक कैदी के रूप में बंद बेकसूर सरबजीत के 20 साल तक अपने परिवार से बिछड़कर अकेले एक छोटे से कमरे में मानसिक और शारीरिक यातनाओं और भावनाओं के द्वंद को दिखाया गया, जिसे जीवंत रूप दिया रिषभ सिन्हा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

# साइंस कॉलेज का एनएसएस शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम सिंघोला का चयन किया गया था। शिविर के अंतर्गत शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने स्वच्छता, नशा उन्मूलन, वृक्षारोपण, योग, यज्ञ, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अनेक विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल व अध्यक्षता रमेश पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि कोमल सिंह राजपूत, राजेश श्यामकर, शिव वर्मा, रोहित चंद्राकर, शरद सिन्हा, पारस वर्मा एवं हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे शामिल थे। विशिष्ट अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने ग्रामीणों से स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने का आह्वान किया।

शिविर के दौरान प्राचार्य डॉ. सुमन बघेल, डॉ. अंजना ठाकुर, डॉ. संतोष ऊके, डॉ. युसुफ रजा बेग, डॉ. त्रिलोक देव, डॉ. सोनल मिश्रा, डॉ. केएल टांडेकर, डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. प्रमोद महेश, हीरेन्द्र ठाकुर, संजय देवांगन, डॉ. निर्मल उमरे, डॉ. फुलसो राजेश पटेल, डॉ. एएन माखिजा, सीमा ए लाल, अनिल चंद्रवंशी, जयसिंह साहू, डॉ. आइआर सोमानी, प्रियंका गजभिये, विजय मानिकपुरी, गुणवंता खरे, डॉ. संजय, डॉ. माजिद अली, डॉ. आरके ठाकुर, केके द्विवेदी, आलोक जोशी, जैनेंद्र दीवान, बसीर जिलानी, बसंत यादव आदि ने भी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। शिविर में सिंघोला सरपंच मुकेश साहू, उपसरपंच एवं पंचों व ग्रामीणों का शिविर व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### कठिन पुरुषार्थ की सराहना

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने शिविर की सफलता पर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन दिया और टीम के कठिन पुरुषार्थ की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जनता तक विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों को पहुंचाया है। महाविद्यालय के जनभागीदारी के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने प्रेरित किया।

#### गांवों में महास्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में सुबह योग एवं यज्ञ से दिनचर्या की शुरूआत होती थी। महारैली, महास्वच्छता अभियान, ग्राम सर्वेक्षण, सांस्कृति विकास हेतु संध्याकालीन सांस्कृति गतिविधियां दिनचर्या की प्रमुख हिस्सा रही। स्वयंसेवियों द्वारा गांव के लोगों को जागरूक करने विभिन्न रचनात्मक एवं सुधारात्मक गतिविधियां चलाई गई। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर नशामुक्ति और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बौद्धिक सत्र के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, युवा जागृति, बाल संस्कार शाला, नारी जागरण जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं अनुभवी व्यक्तियों ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवियों को स्मृति चिन्ह और विशेष प्रमाण पत्र आदि भेंटकर सम्मानित किया गया।

# श्री योग वेदांत सेवा समिति आदिवासी क्षेत्रों में कर रही सेवा

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा इन दिनों दीपावली अवसर पर आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचकर गरीब व असहाय लोगों की सेवा की जा रही है। श्री योग वेदान्त सेवा समिति के प्रमुख रोहित चंद्राकर, टीके चंद्राकर एवं संजय साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष पूज्य संतश्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से आदिवासी क्षेत्रों में सामग्री वितरण व भंडारे का आयोजन करते हैं। इस बार यह आयोजन 10 अक्टूबर से शुरू की गई, जो दीपावली तक अनवरत चलते रहेगी। 10 अक्टूबर को मोहला क्षेत्र, 13 को मनगटा, 15 को गंडई, 17 को छुरिया, इस तरह दीवाली तक डोंगरगढ़, खैरागढ़, डोंगरगांव क्षेत्रों में भंडारे का आयोजन अनवरत जारी रहेगा। श्री योग वेदांत सेवा समिति के टीके चंद्राकर, दिलीप सिन्हा व प्रवीण चक्रधारी ने बताया कि प्रतिवर्ष दीवाली पर्व पर इस तरह के आयोजन किए जाते है। मोहला समिति द्वारा मोहला-मानपुर के क्षेत्रों में जरूरतमंदों में सामग्री वितरण किया गया। उसी तरह गंडई समिति द्वारा डंडुटोला में जहां ना बिजली है, न सड़क है ऐसे जगह पर भी ट्रैक्टर की मदद से साधक पहुंचकर जरूरतमंदों की सेवा की गई। मनगटा के पहाड़ी क्षेत्र में बसे पहाडीपाट मंदिर में दरिद्रनारायणों को एकत्रित कर सामग्री वितरण किया गया। छुरिया के जोब में भी भंडारे का आयोजन किया गया।

# 10 को मिली नए मकान की चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




ग्राम पंचायत ईरागांव में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री आवास मेला, कौशल पखवाड़ा एवं जागो वोटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। समस्या निवारण शिविर में 31 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर 10 हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए चाबी सौंपा गया। स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट प्रदान किया गया। कृषि विभाग ने दो किसानों को नलकूप खनन पंजीयन प्रमाण पत्र दिया। शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राधिका अंधारे ने कहा कि शिविर में अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्य योजना निर्धारित किया गया है। क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों की भी सहभागिता की आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से कचरे को इधर-उधर नहीं फेंकने का आग्रह किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य रेणुका टांडिया, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, जनपद सीईओ मोहम्मद हनिश सहित अन्य उपस्थित थे।

# आत्मविश्वास में कमी व्यक्तित्व विकास में होती है बाधक

- 80 फीसदी की आवाज शुद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तोतले बच्चों के उपचार शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बालक में प्रतिभाएं हुआ करती है, किंतु अगर बालक के बोलने में तोतलापन हो तो उसके मन में आत्मविश्वास की कमी हो जाती है और आत्मविश्वास की कमी व्यक्तित्व विकास में बाधक होती है। जिससे उसका विकास समुचित रूप से नहीं हो पाता। उन्होंने ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल से आग्रह किया कि ऐसी प्रतिभा भविष्य में लुप्त न हो इसके लिए प्रयास किया जाए।

अध्यक्षता करते एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति का सेवा कार्य अभिनंदनीय है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने अतिथियों का स्वागत करते तोतले बच्चों के द्वितीय निःशुल्क उपचार शिविर का वृत रखते बताया कि यह शिविर समाजसेवी सुशील अग्रवाल की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। शिविर में उड़ीसा के बोध जिला, महाराष्ट्र के नागपुर, तुमसर, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद, मानपुर, जालबांधा, अर्जुन्दा के साथ ही नगर के 52 लोगों का पंजीयन हुआ। जिसमें साढ़े तीन वर्ष से लेकर चालीस वर्ष तक के तोतले लोग शामिल थे।

विशिष्ट अतिथि अग्र बायोडाटा सेंटर के अध्यक्ष श्याम गोयल ने कहा कि उनकी समिति तोतले बच्चों के उपचार शिविर के अलावा विधवा-विधुर एवं तलाकशुदा लोगों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन, रक्तदान शिविर के साथ ही अनेक सेवा कार्य करती आ रही है।

#### 42 लोगों ने कराया उपचार

शिविर में ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल ने कहा कि यह उपचार स्वयं ईश्वर द्वारा ही किया जाता है। प्रत्येक मरीज की 20-20 मिनट की अलग-अलग क्लास लेकर बार-बार उन्हीं शब्दों का उच्चारण कराना इस 72 वर्ष की उम्र में तेरह घंटे लगातार कार्य करना, किसी के लिए भी संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि 52 में से 42 लोगों ने ही उपचार कराया। जिसमें 39 व्यक्तियों की 100 प्रतिशत एवं तीन व्यक्ति की 80 प्रतिशत आवाज शुद्ध हो गई है।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधीश संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल, श्याम गोयल, अशोक लोहिया द्वारा भगवान श्री सत्यनारायण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत समिति द्वारा मोती की माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर किया गया।

# नि:शुल्क नवोदय कोचिंग का शुभारंभ

- तहसील साहू संघ ने समाज के बच्चों के लिए शुरू की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए जिला साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं तहसील साहू संघ ने कर्मा भवन मटिया में निःशुल्क नवोदय कोचिंग क्लास आरंभ किया है। शुभारंभ के मौके पर मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के प्राध्यापक डां चेतन साहू थे। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत साहू, अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू , एबीईओ जयंत साहू, माधव साहू, हिरदेराम साहू आदि मौजूद थे।

समाज ने कैरियर गाइडेंस, पीएससी, व्यापम की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग के बाद नवोदय की प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार करने के लिए निः शुल्क निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है जिसमें सभी समाज के बच्चे शामिल हो सकते हैं। इस मौके पर पुरुषोत्तम साहू, धनराज साहू, शिवराम साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, ताम्रध्वज साहू, विपलादास साहू, भागवत साहू, कृतलाल साहू, सांवलदास साहू, सुंदरलाल साहू, हिंमाचल साहू, पिताम्बर साहू, लोकेश देवांगन, इन्दरसेन साहू, गिरधारी साहू, कृष्णकुमार साहू आदि मौजूद थे। संचालन एनडी साहू तथा आभार प्रदर्शन गुमान साहू ने किया।

### संकुल केन्द्र सलोनी में बाल क्रीड़ा स्पर्धा आयोजित

# स्पर्धा में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



संकुल केन्द्र सलोनी में दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में 6 प्राथमिक एवं 3 माध्यमिक शाला के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पर्धा का उद्घाटन सरपंच अमीषा वर्मा ने किया।

प्रतियोगिता के प्राथमिक बालक वर्ग की कबड्डी में अवेली प्रथम, सलोनी द्वितीय, खो-खो में गिरवर एवं साथी अवेली प्रथम, खिलेन्द्र एवं साथी रेंगाकठेरा द्वितीय, रिलेरेस में टिकेश्वर एवं साथी अवेली प्रथम, रामेश्वर एवं साथी केकराजबोड़ द्वितीय, योग में अवेली प्रथम, केकराजबोड़ द्वितीय, बालिका कबड्डी में वंदना एवं साथी अवेली प्रथम, भूमिका आदि सोनभट्ठा द्वितीय, खो-खो में लिलेश्वरी आदि अवेली प्रथम, सबिना आदि सोनभट्ठा द्वितीय, रिलेरेस में अवेली प्रथम, मुड़भादुर द्वितीय, योग में केकराजबोड़ प्रथम, अवेली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। व्यक्तिगत खेल प्राथमिक बालक वर्ग की 80 मीटर दौड़ में हर्ष प्रथम, हेमचंद द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में रियांश बघेल प्रथम, चांद साहू द्वितीय, गोली चम्मच में जितेन्द्र प्रथम, मयंक द्वितीय, आलू दौड़ में प्रियांश प्रथम, आदित्य सेन द्वितीय, सुरीली कुर्सी में रियांश प्रथम, जितेन्द्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

#### विजेता पुरस्कृत

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भूषण वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर ज्ञानलाल साहू, शोभना गायकवाड़, अर्जुन साहू, हिरेन्द्र वर्मा, नाजरीन नियाजी, प्रहलाद जांगड़े, गोपाल साहू, पंचराम पटेल, टेमन वर्मा, देवकुमार वर्मा, लक्ष्मीकांत साहू, केएल साहू, ललिता साहू, पूर्णिमा नेताम, योगिता साहू आदि उपस्थित थे।

#### बालक वर्ग कबड्डी में ओमित अव्वल

माध्यमिक बालक वर्ग की कबड्डी में ओमित आदि प्रथम, अरुण आदि द्वितीय, खो-खो में ऋषभ आदि प्रथम, ओमकार आदि द्वितीय, रिलेरेस में ऋषभ आदि प्रथम, कौशल आदि द्वितीय, योग में सोनभट्ठा प्रथम सलोनी द्वितीय, बालिका वर्ग कबड्डी में पुष्पा आदि प्रथम, मोनिका आदि द्वितीय, खो-खो में महेश्वरी आदि प्रथम, ललिसा आदि द्वितीय, रिलेरेस में अंतरा आदि प्रथम, प्रियंका एवं अन्य द्वितीय, योग में सलोनी प्रथम, सोनभट्ठा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।व्यक्तिगत खेल बालक की 100 मीटर दौड़ में तुषार प्रथम, पुनीत द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में लक्की वर्मा प्रथम, योगेश द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में योगेश प्रथम, लक्की वर्मा द्वितीय, 600 मीटर दौड़ में हासित प्रथम, अरुण द्वितीय, गोला फेंक में अरुण प्रथम, थानेश द्वितीय, तवा फेंक में अरुण प्रथम, ओमकार द्वितीय, लम्बी कूद में हासित प्रथम, अरुण द्वितीय, बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रियंका प्रथम, पल्लवी द्वितीय, 200 मीटर दौड़ अंतरा प्रथम, निशा द्वितीय, 400 मीटर दौड़ अंतरा प्रथम, क्षमा द्वितीय, 600 मीटर दौड़ रागिनी प्रथम, पुष्पा द्वितीय, गोला फेंक ओजस्वी प्रथम, पुष्पा द्वितीय, तवा फेंक क्षमा प्रथम, ललिसा द्वितीय, लम्बी कूद पुष्पा प्रथम, पल्लवी द्वितीय रही।

### गायत्री विद्यापीठ में जागरूकता अभियान

**राजनांदगांव।** केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ में 18 अक्टूबर को "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" जागरूकता अभियान अंतर्गत एएसपी राहुल देव शर्मा ने विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाली हानियों के विषय में बच्चों को जागरूक कराया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एएसपी राहुल देव शर्मा, एएसआई नंदनी ठाकुर, सचिव गगन लड्ढा, सीबीएसई प्राचार्य शैलजा नायर एवं सीजी प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सीबीएसई एवं सीजी के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को साइबर क्राईम, नशा, गुटखा और मोबाइल से होने वाले अपराधों को बताकर उससे बचने तरीके भी बताए। क्राईम से बचने 1930 नंबर भी दिया, जिस पर साईबर से होने वाले क्राईम पर हम मैसेज करके बच सकते है। इस अवसर पर गायत्री समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, सह सचिव निकुंज सिंघल, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य शैलजा नायर, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुम्भरे, प्रशासक अनिल बाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षकों ने आयोजन की सराहना की।

# अंडर-14 राजनांदगांव प्रीमियर लीग में राजनांदगांव रेड विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के तत्वावधान में साइंस कॉलेज मैदान में अंडर-14 राजनांदगांव प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 20 अक्टूबर तक किया गया। आयोजन में राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित 12 टीमों के 14 वर्ष आयु तक के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया। जिसमें राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते उज्वल मरकाम के 92 और सूर्या के 48, अर्शवीर के नाबाद 50 रन की बदौलत 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करते रायपुर की टीम 101 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई और इस तरह से राजनांदगांव रेड ने 149 रन से मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच उज्वल मरकाम रहे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए उज्वल मरकाम को मैन ऑफ द सीरिज का भी पुरस्कार से नवाजा गया। बेस्ट बॉलर के रूप में अखिलेश सोनकर, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में सूर्या परिहार को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। आयोजन के मुख्य कर्ताधर्ता मनोज तिवारी ने स्वागत संबोधन कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी, सुजीत द्विवेदी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे सहित बड़ी संख्या मे खेलप्रेमी जनता व खिलाड़ी उपस्थित थे।

#### जीवन के लिए खेल जरूरी: यादव

समापन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अध्यक्षता विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिंहा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी रूपेश दुबे, पार्षद ऋषि शास्त्री एवं राजेश यादव थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग है और आप लोगों के खेल प्रतिभा को देखने से यह साफ नजर आ रहा है कि राजनांदगांव हॉकी और झांकी के रूप में तो चर्चित है ही, आने वाले दिनों में क्रिकेट के नाम से भी जाना जाएगा। तत्पश्चात विजेता एवं उप विजेता टीमों को नगद एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप



### संस्कार सिटी कॉलेज में सेमीनार आयोजित

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 18 अक्टूबर को नवा बिहान साइबर जागरूकता अभियान व एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन सोमनी पुलिस द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन व श्रीराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मध्य किया गया। सेमीनार में मुख्य वक्ता सोमनी थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह व श्री सिद्दीकी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रामेंद्र सिंह द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। रामेंद्र सिंह ने कहा कि किसी अपरिचित व्यक्ति का फोन कॉल आने पर अपने व्यक्ति मामले की डिटेल कभी भी शेयर ना करें, सोशल साइट के माध्यम से या ऑनलाइन मदद के नाम पर रुपए मांगने वालों को बिना पहचान किए धनराशि न दें, किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने अकाउंट का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, ओटीपी नंबर व एसएमएस को शेयर न करें। टीवी, अखबार, ऑनलाइन माध्यम के जरिये दिए जाने वाले लुभावने आंकड़ों के झारों में न आएं, ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। तत्पश्चात थाना बैंक साइबर सेल को सूचना जरूर दें। साइबर अपराध से बचने युवाओं को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा।
कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। तहसील छुरिया अंतर्गत अतिवृष्टि से 4 पशु शेड क्षति होने पर 12 हजार रुपए, अतिवृष्टि से धान क्षति होने पर 12 हजार 307 रुपए तथा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### महासमुंद में आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार महासमुंद जिले के ग्राम जलकी सिरपुर में 17 से 19 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य उपाध्यक्ष स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट प्रवास कुमार सिंह बघेल के मार्गदर्शन में जिले के स्काउट रोवर एवं गाइड रेंजर शामिल हुए।

### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विभागीय समन्वय हेतु बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने विभागीय समन्वय से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित करने एवं विभागों के सहयोग से असाक्षरों को साक्षर कहा। साक्षरता के इस पुनीत कार्य में सभी विभाग अपनी सहभागिता अवश्य दें और जिले को पूर्ण साक्षर करने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के संबंध में जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा सहयोग प्रदान करेंगे के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

ग्रामीणों ने की गांव में साफ-सफाई

# गांवों में मना स्वच्छता त्यौहार

**राजनांदगांव।** जिले में स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने तथा स्वच्छता के प्रति निरंतरता बनाए रखने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए साफ-सफाई की जा रही है।

इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन, घर-घर कचरा एकत्रित करने, एसएलडब्ल्यूएम में कचरा का पृथककरण करने का संदेश दिया गया। जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत खुज्जी में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समूह के महिलाएं, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम के बाजार चौक सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों की साफ-सफाई की।

ग्राम पंचायत द्वारा दुकानदारों से कचरा के व्यवस्थित निपटान हेतु अनुबंध पत्र दिया गया तथा कचरा स्वच्छता दीदी को देने प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सुयश नाहटा, जनपद पंचायत छुरिया सीईओ नवीन कुमार, एसीईओ होरीलाल साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी देवेंद्र कुमार, ब्लॉक समन्वयक मेघा कुर्रे, ब्लॉक समन्वयक विजय देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणजनों ने साफ-सफाई की।



#### अनुबंध करने निर्देश

स्वच्छताग्राही को कचरा नहीं देने वाले ढाबा संचालक एवं दुकानदारों को अनुबंध करने एवं कचरा बाहर नहीं फेंकने तथा स्वच्छताग्राही को ही कचरा देने निर्देश दिया गया। स्वच्छता त्यौहार में सीईओ जनपद राजनांदगांव मनीष साहू, उप अभियंता मंजूषा सोनी, विकासखंड समन्वयक नंदकिशोर साहू सहित जनप्रतिनिधि, सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छताग्राही, समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण शामिल हुए।

#### दिलाई स्वच्छता की शपथ

सीईओ जनपद पंचायत छुरिया ने ग्राम पंचायत रंगीटोला में आयोजित स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों व ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम की साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत से लगे राष्ट्रीय राजमार्ग के ढाबा, हॉटल, ठेला संचालकों से संपर्क कर दुकान के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने एवं कचरा के लिए डस्टबिन का उपयोग करने तथा ग्राम पंचायत को स्वच्छता शुल्क देने कहा गया।

#### नहीं जलाएं प्लास्टिक कचरा

अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत देवादा में स्वच्छता त्यौहार का आयोजन कर गांव की साफ-सफाई की गई। बिहान की महिला समूहों को प्लास्टिक कचरा नहीं जलाने, प्लास्टिक झिल्ली, पाउच से खाली प्लास्टिक बॉटल में पॉलीथिन भरकर ईको ब्रिक्स बनाने कहा गया। स्वच्छताग्राहियों को घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने कहा गया तथा गांव को स्वच्छ रखने समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अनुबंध करने वाले ढाबा संचालकों और दुकानदारों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

## खेतीहर भूमि का बनवाया निःशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन की योजना का लाभ लेते भूखन ने अपनी खेतीहर भूमि का मिट्टी परीक्षण कराकर निःशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाया है और अच्छी पैदावार ले रहे हैं। छुरिया के ग्राम बम्हनी चारभांठा निवासी भूखन धनकर ने मिट्टी परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर खरीफ सीजन में धान फसल लगाई है एवं रबी में ड्रीप पद्धति से मक्के की खेती की तैयारी कर रहे हैं।

किसान भूखन ने बताया कि वह अपनी कृषि भूमि का पहले मिट्टी जांच नहीं कराए थे, कृषि विभाग के मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्राम में सभी किसानों का मृदा नमूना संग्रहण किया जा रहा था। इसी दौरान मेरे खेत का भी मिट्टी नमूना लिया गया। भूखन के पास 4.890 हेक्टेयर रकबा खेतीहर भूमि है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी परीक्षण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिया गया और मिट्टी की उर्वरता और पोषक तत्वों के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए निःशुल्क आदान सामग्री जिंक सल्फेट, बोरेक्स, सल्फर, बूझा हुआ चूना, माईकोरायजा, जेडएसबी प्रदान किया गया और आदान सामग्री के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। उसी सलाह के अनुरूप उन्होंने खरीफ वर्ष में धान फसल ली है।



उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा धान की फसल बहुत अच्छी है एवं किसी भी प्रकार की कीट व्याधि का भी प्रकोप बिल्कुल भी नहीं है। पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष अधिक धान की उपज प्राप्त होने की संभावना है। भूखन ने बताया कि इस रबी मौसम में ड्रीप पद्धति से मक्के की खेती करने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे सिंचाई के लिए कम पानी उपयोग होगा और पानी की बचत होगी।

## विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 63 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

इसके अंतर्गत ग्राम ठेकवा में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए व निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, ग्राम सांकरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम ककरेल में निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए, निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए व रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम बैगाटोला में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम खैरा (रवेली) में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम धर्मापुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम भेड़ीकला में रंगमंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम तोरनकट्टा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम बांकल में रंगमंच निर्माण के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम ठाकुरटोला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम सिंघोला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### 5 लाख की स्वीकृति

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत जिले के ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत डोंगरगांव के ग्राम गु. नवागांव में माध्यमिक शाला के स्कूल प्रांगण में चेकर टाईल्स के लिए 4 लाख रुपए तथा डोंगरगढ़ के ग्राम चारभाठा के वार्ड क्रमांक 17 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## नीदरलैंड के विशेषज्ञों ने किया जिले का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंडो-डच सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना नया रायपुर में किया जाना है। इसी कड़ी में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मूल्यांकन के लिए नीदरलैंड के विशेषज्ञ जैइप वॉन बालेन एवं लाइजनिंग ऑफिसर इन्डो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स डॉ. तरन्नुम कायद भाई एमवसी द्वारा राजनांदगांव जिले का भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम देवादा के कृषक नीवन, मनोज, संगीता के यहां पर पॉलीहाऊस के भीतर जरबेरा खेती का अवलोकन किया एवं कृषकों से चर्चा की गई। डोंगरगढ़ के ग्राम रूवातला के कृषक समूहों द्वारा पालीहाऊस के भीतर शिमला मिर्च का अवलोकन किया। कृषक द्वारा बताई गई समस्या का समाधान किया गया। कृषकों से नीदरलैड से आए डच विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा की। डच विशेषज्ञों ने फसल को देखकर खुशी जाहिर की तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपना नंबर देते संपर्क करने कहा। इस दौरान संचालनालय रायपुर के उप संचालक नीरज साहा, सहायक संचालक उद्यान राजेश शर्मा एवं संबंधित विकासखंड के प्रभारी, कृषि अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।



मरीजों को मिलेगी सस्ते में जीवन रक्षक दवाईयां

## पीएचसी केंद्रों में खुलेगी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशन में जिले में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चलाई जा रही जन औषधि केंद्रों की समीक्षा की गई।

डॉ. नवरतन ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड से जन औषधि केंद्र योजना की शुरूआत की गई थी। राजनांदगांव में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा 10 दवाई दुकानों का संचालन जिला अस्पताल व सीएचसी में किया गया था। शासन के निर्देश पर जन औषधि केंद्रों में अच्छी गुणवत्ता की जीवन रक्षक दवाइयों का लाभ जनसामान्य को कम दर पर मिलेगी।

सीएमएचओ डॉ. नवरतन ने कहा कि शासन की योजना का नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो, इसके लिए जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी सेंटरों में भी जन औषधि केंद्रों को रेडक्रास या जीवनदीप समिति के माध्यम से खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं।

बैठक में जिला अस्पताल से सिविल सर्जन व मेडिकल कालेज अस्पताल के प्रतिनिधि, जिला अस्पताल, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, जन औषधि केंद्रों के क्षेत्रीय अधिकारी व रेडक्रास सोसायटी के जिला संगठक सह प्रबंधक, ड्रग एवं औषधि नियंत्रण विभाग के नवीन बघेल, विष्णु प्रसाद साहू, अजी कुरैशी, प्रियजन चौबे, संजय श्रीवास्तव, हरिओम शर्मा, फार्मासिस्ट खिलेश निषाद, खेमराज, विनोद पटेल, वय. एल राकेश, नितिन गिरी, अविनाश सेन, आशीष, टेकराम साहू, संजय ठाकुर, खुमेश साहू उपस्थित थे।



## बाल सुरक्षा विशेषज्ञ ने स्वयंसेवियों को अच्छे कार्य करने किया प्रेरित

- एक दिवसीय विशेष युवोदय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में एक दिवसीय विशेष युवोदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, मुख्य अतिथि बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई उपस्थित थी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने सभी युवोदय स्वयंसेवियों को बधाई देते उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई ने युवोदय स्वयंसेवियों से बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम के संचालन, कार्य करने के विभिन्न क्षेत्र, कार्य करने के तरीके एवं प्रशासन द्वारा मिलने वाली सहायता जैसे विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा की। बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई ने युवोदय स्वयंसेवियों के जिज्ञासाओं का समाधान करते समाज में अच्छे कार्य करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ जिला समन्वयक दिव्या राजपूत, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी के कार्यक्रम प्रभारी ओमप्रकाश सहारे, युवोदय स्वयंसेवी विनोद कुमार टेम्बुकर के साथ शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव तथा नवीन महाविद्यालय अर्जुनी, कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव तथा नवीन महाविद्यालय घुमका एवं बड़ी संख्या में युवोदय स्वयंसेवी उपस्थित रहे।



## कृषि विज्ञान केन्द्र में महिला किसान दिवस का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में 15 अक्टूबर को वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुजन झा के मार्गदर्शन में महिला किसान दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला कृषकों की कृषि में बदलाव की भूमिका है। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुजन झा ने कृषि में बदलाव लाने में महिला उद्यमियों की भूमिका पर महिला कृषकों से चर्चा की। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी। डॉ. गुंजन झा उद्यानिकी विशेषज्ञ ने फल-फूल, सब्जी-भाजी की विभित्र कास्त तकनीक के बारे में महिलाओं से चर्चा की। खेती में महिलाओं की सहभागिता एवं पोषण पर भी चर्चा की गई।

इंजीनियर अतुल डांगे ने धान की कटाई में विभिन्न यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। अनुविभागीय कृषि अधिकारी संतलाल देशलहरे ने धान एवं सब्जियों में लगने वाले कीट एवं उनके उपचार की जानकारी के साथ कीटनाशक के समुचित उपयोग में किसानों को सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में महिला कृषकों को सम्मानित किया गया। जिले के विभिन्न विकासखंडों से 60 महिला कृषक कृषि विज्ञान केन्द्र में उपस्थित हुई एवं अपने अनुभव वैज्ञानिकों के साथ साझा किया।

## ग्राम पंचायत केसाल में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केसाल, गर्रापार और दैहान के किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर केसाल में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा है कि वर्तमान में आदिम जाति जोशीलमती सहकारी समिति में धान खरीदी केंद्र है। जिसके अंतर्गत 6 पंचायत आते हैं, जहां किसानों की काफी भीड़ होती है और किसानों को अपने धन की उपज बेचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने कहा है कि शासन के मापदंड के अनुसार तीन पंचायत को यहां से अलग किया जाना है। उन्होंने ग्राम केसाल में नवीन धान खरीदी केंद्र खोले जाने को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।



#### तीन पंचायतों ने बनाया प्रस्ताव

जोशीलमती की धान खरीदी केंद्र में धान विक्रय करने किसानों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए तीन ग्राम पंचायत के लिए अलग से नवीन धान खरीदी केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत गर्रापार, ग्राम पंचायत दैहान और ग्राम पंचायत केसाल द्वारा बनाया गया है। ग्राम पंचायत केसाल के सरपंच घनश्याम दास साहू ने कहा कि सभी की सहमति है कि केसाल में नवीन धान खरीदी केंद्र खोला जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह सहकारी बैंक अध्यक्ष से लेकर संसद तक ज्ञापन दे चुके हैं।

#### मैदान का समतलीकरण

ग्राम पंचायत केसाल में नवीन धान खरीदी केंद्र खोले जाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा जनसहयोग से 10 लाख रुपए एकत्रित किया गया और फिर मैदान का समतलीकरण कर दिया गया है। ग्रामीणों ने धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए स्वीकृति देने शासन व प्रशासन से मांग की है, ताकि क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को धान विक्रय करने में सुविधा हो।

## आईजी-कलेक्टर व एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**राजनांदगांव।** आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कोहापानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में मिल रही शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

उन्होंने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में मिल रहे मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की और विद्यालय का निरीक्षण भी किया। शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने, बच्चों को अनुशासित रखने के साथ-साथ उन्हें विषयों की जानकारी देने तथा विद्यालयों को स्वच्छ लिए रखने के आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आंनगबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों, गर्भवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को मिलने वाले रेडी-टू-ईट तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों, कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली और नन्हे बच्चों से बातचीत की।

## सार समाचार

### सिकल सेल स्क्रीनिंग महाभियान आज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत कल 23 अक्टूबर को विकासखंड स्तर, सेक्टर स्तर एवं ग्राम स्तर पर 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग को आवश्यक सहयोग एवं समन्वय करते कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए है। जिससे सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों को समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग कराने की अपील की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवांशिक रोग है। जिसका सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल सेल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। मितानिनों को गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। संदीप तम्रकार ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायू) द्वारा स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भी सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा।

### पांच खाद्य दुकानों में विभाग ने दी दबिश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के आमजनों के बीच स्वच्छ सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित



कराने खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश दी जा रही है। साथ ही व्यापारियों से नियमों का पालन करते खाद्य व्यापार करने कहा जा रहा है। त्यौहारी सीजन में उपभोक्ताओं को मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री से बचाने होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकानों, डेयरी का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के स्वागत होटल से पनीर, मां बम्लेश्वरी रेस्टोरेंट से दाल, जायसवाल किराना से आटा, सांई ट्रेडर्स से साबूदाना तथा डोंगरगांव विकासखंड के बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, गौतम होटल से कलाकंद, मानसरोवर से काजू कतली सहित 14 से अधिक खाद्य सामग्री को आशंका के आधार पर नमूने जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही 5 खाद्य व्यापारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों में उचित रखरखाव नहीं पाए जाने पर नोटिस भी जारी किया गया है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में कल 23 अक्टूबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें एलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड लालपुर रायपुर द्वारा वर्किंग पार्टनर के 8, मार्केटिंग के 4, एजेंट के 60 एवं सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट राम नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा फायर मेन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, ड्राइवर हैवी लाइसेंस के 10 एवं होम केयर टेकर सर्विस के 100 पद, प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन अंजोरा जिला दुर्ग द्वारा मल्टीफंकस्नल ऑफिस एसोसिएट के 20, हाउस कीपिंग के 20 एवं फुड एण्ड बेवरेजेस के 20 पद, सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 100, सिक्यूरिटी गार्ड के 200 एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्राईवेट लिमिटेड बलौदाबाजार द्वारा इलेक्ट्रीकल के 2, फीटर के 2, डिप्लोमा इन मेकैनिकल के 2 एवं ग्रेजुएट इन मैकेनिकल के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 81वां नव आरक्षक दीक्षांत समारोह आयोजित

# दीक्षांत परेड में 104 जवानों ने ली कर्तव्य और निष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बुनियादी पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 81वां नव आरक्षक दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 104 नव आरक्षकों ने पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली।

राजनांदगांव शहर के पीटीएस स्थित शौर्य परेड मैदान में आज 81वां नव आरक्षक दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा शामिल हुए। उन्होंने पास आउट होने वाले 104 नव आरक्षकों को शुभकामनाएं देते समाज के बीच जाकर बेहतर कार्य करने संबोधित किया।



#### मुख्य अतिथि ने ली परेड की सलामी

दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि आईजी दीपक झा द्वारा परेड की सलामी ली गई। वहीं परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान नव आरक्षकों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। जिसके बाद शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। समारोह में पीटीएस पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया। वहीं आईजी द्वारा उद्बोधन पश्चात पारितोषिक वितरण किया गया।

#### खास हुआ दीक्षांत समारोह

इस वर्ष आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह खास रहा, क्योंकि यहां शपथ लेने वाले अधिकांश नव आरक्षक आम नहीं खास थे। नव आरक्षक दीक्षांत समारोह के अवसर पर आयोजित परेड समारोह में 8 अभ्यर्थी सीधी भर्ती से थे। वहीं 27 अनुकंपा नियुक्ति से और 9 गोपनीय सैनिक एवं 60 सहायक आरक्षक थे, जो यहां बुनियादी प्रशिक्षण लेकर अब नव आरक्षक बन गए हैं। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैदान में आयोजित इस समारोह में कुल 104 नव आरक्षकों को देश सेवा के लिए पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

#### नक्सली संगठन का हिस्सा रहे जवान भी

दीक्षांत समारोह के अवसर पर पास आउट होने वाले आरक्षकों में आत्म समर्पित पूर्व नक्सलियों ने भी देश सेवा की शपथ ली। इस दौरान नक्सली संगठन का हिस्सा रहे सुकमा जिले के मुसाखी जूदेव ने कहा कि बीहड़ वनांचल क्षेत्र में रहने के लिए नक्सली संगठन का साथ देना मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से 10 तक वह नक्सली संगठन का हिस्सा रहे और जंताना सरकार के स्कूल आश्रम में शिक्षक थे। वर्ष 2016 में उन्होंने नक्सली संगठन का साथ छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि आज देश सेवा के लिए वह अच्छे लगन से काम करना चाहते हैं।

#### पुलिस परिवार के लोग हुए शामिल

दीक्षांत परेड समारोह के अवसर पर राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस परिवार के लोग, नव आरक्षकों के परिजनों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## स्नेहा ने जीता सिल्वर मैडल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनआरसीए के संयुक्त सचिव रामप्रसाद पाल ने बताया कि 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित एशियन जूनियर शतरंज स्पर्धा जो फिलीपींस के तगातेय शहर में विश्व शतरंज महासंघ के दिशा-निर्देश में एशियन शतरंज महासंघ द्वारा आयोजित की गई थी।

जिसमें भारतीय बालिका शतरंज टीम की खिलाड़ी 15 वर्षीय स्नेहा हालदार ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया। इस स्पर्धा में उपविजेता बन देश का गौरव व मान सम्मान बढ़ाया। इस शतरंज स्पर्धा में लगभग 15 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। स्पर्धा में स्नेहा हालदार को विश्व शतरंज महासंघ द्वारा वुमेन ई.एम. का पहला नॉर्म्स मिला। उक्त जानकारी एनआरसीए शतरंज द्वारा दी गई है।

## प्रभात अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष निर्वाचित





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रहरि भवन के सभागार में गत दिनों संपन्न हुए चुनाव में समाज के वरिष्ठजनों और संरक्षकों के मार्गदर्शन में अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष पद के लिए प्रभात गुप्ता राजा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

युवा संगठन अध्यक्ष के रूप में डॉ. सुबोध गुप्ता को चुना गया। प्रभात गुप्ता अग्रहरि भवन के वंश परंपरागत ट्रस्टी, युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष तथा लगातार समाज में सक्रिय रहने वाले, नगर निगम राजनांदगांव में पूर्व एल्डरमैन और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ गायत्री परिवार से भी जुड़े हुए हैं। संपन्न हुए चुनाव में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही एवं नए अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। चुनाव का संचालन अरुण गुप्ता अधिवक्ता ने किया।

#### अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

प्रभात गुप्ता ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें संरक्षकगण अजय कुमार, श्याम चरण, रमेश कुमार, राजेश कुमार, रामकिशोर, गौरीशंकर, नवीन कुमार और मनोज कुमार, मार्गदर्शक मंडल में राकेश कुमार, सतीष कुमार, श्रीकांत, राधेश्याम और अशोक कुमार, सलाहकार सुरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष प्रबोध कुमार, प्रज्ज्वल और गीतेश, सचिव अरविंद, सह-सचिव अमित और ज्ञानेश, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, प्रचार-प्रसार प्रभारी कैलाश और गगन, विधिक सलाहकार अरुण कुमार एवं आदित्य स्वरूप तथा कार्यकारिणी में संजीव, मुकेश, दीपक, पंकज, आशीष और अंकित कुमार को शामिल किया गया। साथ ही दीपावली मिलन व अन्नकूट मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कैलाश अग्रहरि ने दी।

## नगर निगम में आर्थिक अनियमितता कांग्रेस पार्षद ने थाना में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों राजनांदगांव शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में एक धार्मिक कथा के आयोजन को लेकर नगर निगम द्वारा ऑडिटोरियम का हॉल किराये में दिया गया था। इसके बाद आयोजक द्वारा ऑडिटोरियम का शुल्क जमा नहीं करने का मामला सामने आया था। अब इस मामले को लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम आयुक्त पर अनियमितता का आरोप लगाते मामले की जांच कर एफआईआर करने के लिए कोतवाली थाना में आवेदन दिया है।

वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बीते 2 अगस्त से 8 अगस्त तक शहर के ऑडिटोरियम का भवन धार्मिक कथा के आयोजन के लिए निगम द्वारा आयोजन समिति को किराये पर दिया गया था, लेकिन आयोजक ने नगर निगम में शुल्क जमा नहीं किया। वहीं इस कथा के आयोजन से शहर की आम जनता को दूर रखा गया और लोगों की भीड़



ऑडिटोरियम के बाहर रही, लेकिन उन्होंने कथा सुनने भीतर जाने नहीं दिया गया। वहीं आयोजन समिति द्वारा चंद लोगों के लिए आयोजन कराया गया और पास बेचकर व्यापार किया गया। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति को किराया पटना चाहिए था, लेकिन पैसा पटा है या नहीं निगम आयुक्त इसकी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आयुक्त दोषी है।

#### कार्रवाई की मांग

इस मामले में कार्रवाई के लिए अन्य कांग्रेसी पार्षदों के साथ कोतवाली थाना पहुंचे वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आवेदन के माध्यम से एफआईआर कर मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

#### दिया गया है आवेदन

नगर निगम में आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच कराकर एफआईआर करने आवेदन दिया गया है। मामले की जांच उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
- **एमन साहू**, टीआई, थाना कोतवाली

#### शुल्क नहीं लेकर आर्थिक अनियमितता

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि एक तरफ नगर निगम के पास कर्मचारियों को वेतन देने पैसा नहीं है। वहीं शहर की सड़कें गड्ढों से भरी हुई है। इन सड़कों की मरम्मत के लिए भी निगम के पास पैसा नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आयोजन समिति से शुल्क नहीं लेकर आर्थिक अनियमितता की जा रही है।

## गृहणियां भी ले रही भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व के तहत जन-जन को लोहिया और मुखर्जी की अंत्योदय और राष्ट्रप्रेम की विचारधारा से जोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को ग्राम इंदामरा और बरगा में पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली। अतिथियों ने नवसदस्यों के जुड़ने पर हर्ष व्यक्त किया। सभी सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने बताया कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भाजपा से नए सदस्यों को जोड़ने का अभियान क्रमवत चल रहा है। 15 से अधिक गांव में सदस्यता अभियान ने दस्तक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से प्रभावित लोग भाजपा के



सदस्य बन रहे हैं। महतारी वंदन योजना और उज्जवला योजना का लाभ ले रही गृहणियां भी भाजपा की सदस्य बनने खुद सामने आ रही हैं। युवा वर्ग में भी बड़ा जोश नजर आ रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्राम इंदामरा और बरगा में मंगलवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग जुटे। नए सदस्यों को तिलक कर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। यहां अतिथियों ने भाजपा की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक सफलताओं और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियों पर बात की। परवेज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल और सांसद संतोष पांडे की संसदीय क्षेत्रों के लिए हासिल की गई उपलब्धियों पर भी लोगों के बीच चर्चा हो रही है। इस दौरान ग्राम बरगा में बलराम निर्मलकर, गजराज सिंह भरतद्वाज, ग्राम इंदामरा से बूथ अध्यक्ष नरोत्तम साहू, गजेंद्र वर्मा, गोपाल वर्मा, कन्हैयादास, समारु साहू, सेवक वर्मा, उभेराम साहू, केवलराम साहू, हेमादास साहू, भुनेश्वर वर्मा, तिरिथ राम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

## 8वीं बटालियन की नेहा नई कमांडेंट



**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले की एएसपी नेहा पांडे 8वीं बटालियन की नई कमांडेंट होंगी। राज्य सरकार ने 2005 बैच के आधा दर्जन से ज्यादा स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों को हाल ही में प्रमोट किया है। लिहाजा नेहा पांडे को राजनांदगांव स्थित 8वीं बटालियन में बतौर कमांडेंट पदस्थ किया है। खैरागढ़ एएसपी के तौर पर श्रीमती पांडे ने शराब फैक्ट्री का भंडाफोड किया था। वहीं गुमशुदा बच्चों की घर वापसी के लिए भी उनके नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य किए गए। विभिन्न एसआईटी में भी उन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया।

पुलिस महकमे में बेहतर कार्य के लिए राष्ट्रपति पदक से भी उन्हें नवाजा गया है। महिला सुरक्षा के मामले में खैरागढ़ जिला 33वां स्थान से 6वें स्थान पर आ गया। श्रीमती पांडे जशपुर और खरसिया एसडीओपी रही। रायगढ़ में सीएसपी के तौर पर उल्लेखनीय कार्य किया। जशपुर और गरियाबंद में बतौर एएसपी के अलावा श्रीमती पांडे एआईजी प्रशासन भी रही। पिछले दो साल से वह अविभाजित राजनांदगांव में पदस्थ रही। 8वीं बटालियन की वह पहली महिला कमांडेंट होंगी। जल्द ही वह अपना पदभार ग्रहण करेंगी।

## डिजिटल फ्रॉड से बचने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आईडीबीआई बैंक द्वारा बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय विद्यालय में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों को डिजिटल बैंकिंग एवं उसमें होने वाले फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियो को बैंक की तरफ से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी दिया गया।

आईडीबीआई बैंक राजनांदगांव शाखा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति थीम पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर राजनांदगांव के शासकीय बल्देव प्रशाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस आयोजन के दौरान कक्षा 11 के छात्रों के लिए सतर्कता के बारे में जागरूकता बढ़ाने आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के भविष्य के रूप में उनकी भूमिका पर जोर दिया गया। इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे पर चर्चा की और छात्रों को सतर्क रहने और ऐसी घटनाओं को रोकने के तरीके बताए। इस प्रश्नोत्तरी को



शिक्षकों और छात्रों दोनों से व्यापक सराहना मिली। जिसमें शीर्ष तीन प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस वर्ष 16 अगस्त से 15 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का चयन किया है। इस अभियान के तहत आईडीबीआई बैंक राजनांदगांव शाखा के उपमहाप्रबंधक एवं शाखा प्रमुख अभिषेक शर्मा द्वारा बसंतपुर स्थित बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस दौरान बैंक कर्मी आशीष पटेल एवं के. अविनाश उपस्थित रहे। डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र विद्यालय प्राचार्य कैलाश शर्मा एवं स्टॉफ द्वारा भी सहयोग दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग बना रहे गुरु पुष्य नक्षत्र को खास, सोना-चांदी सहित इलेक्ट्रॉनिक्स की एडवांस बुकिंग..इसके बाद धनतेरस में मिलेगा खरीदी का शुभ योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्वों और शुभ मुहूर्त के क्रम में 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। इस अवसर पर बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना है।

ज्ञात हो कि अक्टूबर माह में आगामी दिनों में धनतेरस एवं दिवाली पर्व है। इससे पूर्व 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। पंडित एवं पंचाग के अनुसार 24 अक्टूबर को सुबह 6.15 बजे से गुरू पुष्य नक्षत्र शुरू होगा। जिसका समापन 25 अक्टूबर को सुबह 7.40 बजे पर होगा। ऐसी मान्यता है कि गुरू पुष्य नक्षत्र योग पर खरीदी करने से लाभ मिलता है।

**बाजार में रौनक :** इधर लगातार पर्व का क्रम शुरू होने से बाजार में रौनक बनी हुई है। सुबह से देर शाम तक शहरी सहित ग्रामीण इलाकों से लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचकर पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी करना शुरू कर चुके हैं। अगले सप्ताह धनतेरस एवं दिवाली पर्व है, लेकिन उससे पूर्व 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है, जिसे सोना-चांदी अचल संपति खरीदी करने के लिए अति उत्तम मुहूर्त माना गया है। इस दिन बाजार में जमकर खरीदी होने की संभावना है। जिससे व्यापारियों में भी उत्साह का माहौल है।

**खास बातें**
- दिवाली पूर्व शुभ मुहूर्त को लेकर लोगों में उत्साह
- 24 अक्टूबर को गुरु पुष्य नक्षत्र, खरीदी के लिए लगेगी भीड़



### दुकानों में साज-सजावट
अक्टूबर माह में लगातार त्यौहारों के चलते बाजार में लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। इधर बाजार में भी इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक, ज्वेलरी, कपड़ा, बर्तन सहित अन्य दुकानों में व्यापक साज-सजावट कर सामग्रियों का स्टाक किया गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने पर्व से पूर्व ही पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी शुरू कर दी है। आगामी दिनों में बाजार में और भी अधिक चहल-पहल बढ़ने की संभावना है। ग्रामीण इलाकों के बाजार में भी इन दिनों रौनक बनी हुई है। पर्व पर व्यवसायियों को बेहतर व्यवसाय होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### दर्राबांधा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग
**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत तेंदूनाला के आश्रित ग्राम दर्राबांधा को ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर दर्राबांधा के ग्रामीण आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और ग्राम को पंचायत नहीं बनाए जाने पर आगामी चुनावों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। दर्राबांधा के लीला मंडावी, रमेश कुमार साहू सहित ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से वे अपने गांव को पंचायत बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए स्थानीय नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक उनके ज्ञापन पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान में दर्राबांधा ग्राम पंचायत तेंदूनाला का आश्रित ग्राम है। ग्राम दर्राबांधा में आबादी काफी बढ़ चुकी है और इसे पंचायत का दर्जा दिया जाना चाहिए।

**गांव में चुनाव प्रचार पर रोक की चेतावनी :** कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनके गांव को पंचायत का दर्जा नहीं दिया गया तो आगामी पंचायत, जनपद, जिला पंचायत चुनाव का सभी ग्रामीण बहिष्कार करेंगे और किसी भी पार्टी के पक्ष में गांव का कोई भी व्यक्ति कार्य नहीं करेगा। वहीं गांव में चुनाव प्रचार के लिए नेताओं को घुसने की भी मनाही बैठक के माध्यम से की जाएगी।

## माए एंगल




### याचिका दायर होने के बाद हाईकोर्ट ने लगा दी थी प्रकाशन पर रोक
# परिसीमन खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट से खारिज, नए बदलाव अनुसार होंगे चुनाव!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के आदेश बाद राजनांदगांव नगर निगम में प्रशासन द्वारा किए गए परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर याचिका खारिज कर दी गई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान प्रदेशभर में दायर की गई याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है। जिसके चलते अब आने वाले दिनों में होने वाले निगम चुनाव नए परिसीमन के आधार पर ही कराया जाएगा। जल्द ही शासन परिसीमन का अंतिम प्रकाशन भी करेगा।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने राजनांदगांव नगर निगम में किए गए परिसीमन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने प्रशासन द्वारा किए गए परिसीमन के खिलाफ याचिका दायर कर कहा था कि जब 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन किया गया है, तो नए परिसीमन की जरूरत ही नहीं है। इससे पहले भी 2019 में 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन किया जा चुका है। इसके साथ ही किसी भी वार्ड में 15 फीसदी तक ही नया इलाका या जनसंख्या जोड़ा जाना चाहिए, परन्तु स्थानीय प्रशासन ने 50 फीसदी तक जनसंख्या एवं इलाके को कई वार्डों में जोड़ा है, जो भी नियम अनुसार गलत है। इसके अलावा नए परिसीमन में कई वार्डों का आरक्षण भी प्रभावित हो रहा है। जिसके खिलाफ भी याचिका लगाई गई थी। हालांकि हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है।

**खास बातें**
- परिसीमन की प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने 25 जुलाई को लगाया था स्टे
- अब अंतिम प्रकाशन के बाद उसी आधार पर कराए जाएंगे निगम के चुनाव



### अब चुनाव के इंतजार में नेता
उल्लेखनीय है कि पिछले दफा निगम के चुनाव दिसंबर महीने में पूरे हो गए थे। अक्टूबर में ही आचार संहिता भी लागू कर दी गई थी। ऐसे में निगम चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेता भी आचार संहिता लगने के इंतजार में है। इसके साथ ही सभी इस पशोपेश में है कि इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से कराया जाएगा या अप्रत्यक्ष प्रणाली से? मिली जानकारी के अनुसार दिवाली के बाद ही चुनाव को लेकर आचार संहिता लगाई जाएगी।

### अंतिम प्रकाशन करेगा शासन
परिसीमन के बाद इसकी रिपोर्ट का प्रथम प्रकाशन 15 जुलाई को कर दिया गया था। इसमें करीबन 23 वार्डों की सीमाओं में बदलाव करने के साथ ही एक वार्ड विलोपित कर एक नया वार्ड बनाया गया था। जिसके बाद सात दिन तक चली दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में कुल 75 दावा-आपत्ति प्रशासन को प्राप्त हुई थी। इन दावा-आपत्तियों का परीक्षण कर प्रशासन ने अपना प्रपोजल तैयार कर लिया है। अब हाईकोर्ट से याचिकाओं के खारिज होने के बाद इसका अंतिम प्रकाशन शासन द्वारा किया जाएगा।

### इस तरह के किए हैं बदलाव
जुलाई महीने में की गई परिसीमन प्रक्रिया के तहत राजनांदगांव नगर निगम के कुल 23 वार्डों की सीमाओं में परिवर्तन किया गया है। इसमें पूर्व में रहे वार्ड 21 मेडिकल वार्ड को विलोपित करने एवं वार्ड 30 कैलाश नगर को दो हिस्सों में बांटने से वार्ड 21 से 30 के मध्य वाले वार्डों के क्रमांक में एक अंक की कमी आई है। शहर के 51 वार्ड में कुल जनसंख्या 163114 हैं। इनमें अनुसूचित जाति के 12.67 प्रतिशत यानी 20701 जनसंख्या है। अनुसूचित जनजाति के 5.73 प्रतिशत यानी 9342 जनसंख्या है। प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या 3198 है।

# अवैध शराब बिक्री के 7 मामलों में आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने धरपकड़ अभियान के तहत 1 दिन में आबकारी एक्ट के 7 प्रकरणों में 8 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था।

**अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई:** जिसके तहत 21 अक्टूबर को थाना सोमनी पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 200 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 18000 रुपए एवं 96 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 12480 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2700 रुपए एवं 34(1) के 1 प्रकरण में 14 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 5 पौवा देशी प्लेन शराब कुल कीमती 22700 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620 रुपए व शराब बिक्री रकम 180 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। चौकी चिखली पुलिस द्वारा 34(2) के 1 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 50 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4500 रुपए एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त 1 नग मोटर साइकिल जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36(च) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई है ।

### आरोपियों से एक बाइक जब्त
इस प्रकार जिले में कुल 34(2) के 3 प्रकरण में 4 आरोपी के पास से 280 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 25200 रुपए जब्त व 1 नग मोटर साइकिल जब्त, 34(1) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620 रुपए एवं 14 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 2270 रुपए जब्त एवं बिक्री रकम 180 रुपए जब्त कर इस प्रकार कुल 7 प्रकरणों में 8 आरोपियों के पास से जुमला मशरूका 53,570 रुपए जब्त की गई है।

# स्थानीय लोगों को व्यवसाय में प्राथमिकता देने महिला फुटकर विक्रेताओं ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्यौहारी सीजन में व्यवसाय करने वाली फुटकर विक्रेताओं ने स्थानीय लोगों को व्यापार में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची फुटकर महिला विक्रेताओं ने शहर के बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों को दीपावली पर्व के दौरान स्थानीयता के आधार पर प्राथमिकता देने की मांग रखी है।

दीपावली पर्व पर सुगम खरीदी-बिक्री को दृष्टिगत रखते स्थानीय पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था करने के लिए बैठक की गई है। वहीं बाजार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया जा रहा है। इसी बीच अब स्थानीय फुटकर विक्रेताओं द्वारा व्यापार में प्राथमिकता देने की मांग की गई है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिला फुटकर व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि पसारा लगाकर व्यवसाय करने वालों के साथ कई बार अन्य प्रदेशों से आकर यहां व्यवसाय कर रहे लोगों के बीच लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन जाती है। जिससे निपटने के लिए प्रशासन स्थानीय लोगों को व्यवसाय में प्राथमिकता दे। फुटकर व्यवसायी राधिका ढीमर ने कहा कि वे लगभग 25-30 वर्षों से पूजन सामग्री विक्रय करने का व्यवसाय करती है। कई बार अन्य प्रदेशों से आकर व्यवसाय करने वालों के साथ विवाद की स्थिति बनती है।



### 31 तक दुकान लगाने अनुमति
पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा बाजार व्यवस्था को लेकर की गई बैठक के दौरान सड़क पर सामग्री बेचने वालों को 27 से 31 अक्टूबर तक व्यापार करने कहा गया है। ऐसे में अब दुकान लगाने के स्थान को लेकर फुटकर विक्रेता में खींचतान की स्थिति बन रही है और 27 तारीख को दुकान लगाने होड़ मचेगी।

# दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर की हड़ताल से जमीन की रजिस्ट्री प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने और गड़बड़ियों को रोकने के उद्देश्य से सुगम ऐप लागू किया गया है। इसके माध्यम से व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया की जा सकती है। जिसका विरोध भी अब दिखने लगा है। स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों द्वारा इस ऐप के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया गया है। स्थानीय तहसील कार्यालय में छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडर संघ के बैनर तले प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल करते स्टाम्प वेंडर और दस्तावेज लेखकों ने नारेबाजी की। वहीं सुगम ऐप में दिए गए प्रावधान का विरोध किया है।



**मौके में जाकर खींचनी है तस्वीर :** दस्तावेज लेखक संघ जिला अध्यक्ष हेमंत साहू ने कहा कि शासन ने नए ऐप सुगम लागू किया है। उसमें एक कैमरा है। जिसको हमें रजिस्ट्री के पहले स्पॉट में जाकर फोटो खींचना है और उसे अपलोड करना है। उन्होंने कहा कि पहले ही दस्तावेजों को अपलोड करने में काफी समय लग जाता है, फिर अपॉइंटमेंट के लिए भेजना पड़ता है, इसमें काफी देर हो जाती है। इस ऐप का पालन करने में एक दिन में दो-चार लोगों की रजिस्ट्री भी हम नहीं कर पाएंगे।

### रजिस्ट्री कार्य प्रभावित
स्टाम्प वेंडरों ने बताया कि प्रदेशभर में 12 से 15 हजार दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडर हैं, जो हड़ताल पर हैं। इधर दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प वेंडरों के हड़ताल पर चले जाने से रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है और लोग रजिस्ट्री के लिए भटक रहे हैं। दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों ने आरोप लगाया है कि धीरे-धीरे दृष्टि प्रक्रिया डिजिटल करते हमें पंजीयन विभाग से अलग किया जा रहा है। जिसके चलते आने वाले समय में उन्हें रोजी-रोटी की संकट हो जाएगी।

### एमपी सरकार की तर्ज पर दिया जाए प्रबंधन का अनुदान
# समय पर उठाव नहीं, सूखत की मांग पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर समिति प्रबंधकों ने धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सोसायटी कर्मियों ने साफ तौर पर कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो वे आगामी 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आह्वान पर समिति कर्मियों द्वारा सोमवार से धरना प्रदर्शन शुरू किया गया था। दो दिवसीय प्रदर्शन के अंतिम दिन आज दोपहर कर्मियों ने रैली निकाली और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सहकारी समिति प्रबंधकों ने धरना प्रदर्शन करते प्रदेश सरकार से धान खरीदी में सूखत लागू करने की मांग की है। समिति के प्रदेश महामंत्री ईश्वर श्रीवास ने इस दौरान कहा कि समिति के माध्यम से खरीदे गए धान का समय पर परिवहन नहीं होता है। जिसके कारण धान मई-जून तक समिति में पड़ा रह जाता है। जिसके बाद सूखत भरने का दबाव डाला जाता है। उन्होंने कहा कि दबाव के चलते कई समिति प्रबंधकों की जान चली गई है। अपने प्रदर्शन के दौरान समिति प्रबंधकों ने धान में सूखत का प्रावधान करने की मांग प्रदेश सरकार से की है।



### विचार करे सरकार
धान की सूखत की भरपाई सहकारी समिति के प्रबंधकों से नहीं की जानी चाहिए। परिवहन में काफी विलंब होता है। जिसका खामियाजा प्रबंधकों को उठाना पड़ जाता है। भाजपा की साय सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकार को इस मांग पर विचार करना चाहिए। - अशोक चौधरी, किसान नेता

### नहीं करेंगे धान खरीदी
समिति प्रबंधकों ने कहा है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आगामी चार नवंबर से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सोसायटी कर्मियों द्वारा धान की सरकारी खरीदी नहीं की जाएगी।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाएं

डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
- मुँहके कम खुलने का इलाज ।
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
- दांतों के इम्प्लान्ट
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल में साइकिल वितरण की गई



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला मुख्यालय अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा के 50 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत निःशुल्क सायकल प्रदान किया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोपाल साहू व चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी शहर मण्डल अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व मां भारत माता की पूजा-अर्चना के पश्चात अतिथियों के स्वागत से हुआ। संस्था के प्राचार्या सुश्री सुमन धुर्वे ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए के लिए विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदान किए जा रहे निःशुल्क सायकल लाभान्वित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सफलता के लिए कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती हैं। शासन द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन का लाभ लेते हुए परिश्रम कर आगे बढे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, शाला विकास समिति अध्यक्ष गोपाल साहू, कमलेश द्विवेदी, दुर्गेश अवस्थी, सुदामा साहू, मनहरण सेन, संजय साहू, बिरेन्द्र साहू एवं शाला प्राचार्या सुश्री सुमन धुर्वे, अशोक राजपूत, व्याख्याता श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, राजेश कुमार चंद्रवंशी, श्रीमती तरुना जमकातन, विजय सिंह ठाकुर एवं छात्र छात्राओं व पालक गण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम बोधीपारा डोमनपुर निवासी कातिकराम ने गिरदावरी दर्ज कराने आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं कवर्धा ठाकुर पारा निवासी कुमारी साहू ने उज्जवला योजना के तहत यूनिट के लिए आवेदन दिया, कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी को जांच कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने निर्देशित किया। वहीं जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

## राज्य शासन के आदेशानुसार 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक होगी धान की खरीदी

# कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां शुरू करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए अगले माह 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू की जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में खाद्य विभाग, जिला विपणन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन की नीति के अनुसार किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 14 नवम्बर से 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। राज्य शासन द्वारा किसानों से धान की खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। धान का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मार्कफेड द्वारा किया जाएगा। राज्य सहकारी विपणन संघ के द्वारा मात्र प्राथमिक कृषि साख समितियों एवं लेम्पस के माध्यम से किया जाएगा। उन्होने समय सीमा की बैठक में राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए अगले माह 14 नवम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा अनुविभागाय अधिकारी राजस्व को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के समस्त उर्पाजन केन्द्रों की आवश्यक साफ-सफाई, पहुंच मार्गों का उचित संधारण, सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक तैयारियां तथा तौलाई मशीन का सत्यापन सहित अन्य मूलभूत तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, सांसद व विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा



कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में जिले के विकास कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, विधायक निधि, सांसद निधि एवं अनुसंशा से स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने व सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रभारी मंत्री के अनुशंसा पर वर्ष 2024-25 में 80 लाख 78 हजार रूपए की लागत से 11 कार्य स्वीकृत किए गए है। बैठक में प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर स्वीकृत वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक समीक्षा की गई। कुल 219 कार्य 8 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि से स्वीकृत किए गए है, जिसमें 150 कार्य पूर्ण हो गए है, शेष कार्य प्रगति पर है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक की अनुशंसा पर वर्ष 2024-25 में 2 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से 46 कार्य स्वीकृत किए गए है। इसी प्रकार इस विधानसभा के विकास के लिए वर्ष 2021 से वर्ष 2024-25 तक 219 कार्य 9 करोड़ 62 लाख रूपए के विभिन्न कार्य स्वीकृत है। इसमें 160 कार्य पूर्ण और 24 कार्य प्रगति पर है। तत्कालिक 34 कार्य अप्रारंभ है। कलेक्टर ने सभी कार्य को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विधायक की अनुसंशा पर 2024-25 में 57 लाख 50 हजार रूपए की लागत से 25 कार्य स्वीकृत किए गए है। वर्ष 2021-22 से लेकर अब तक कुल 166 कार्य 07 करोड़ 52 लाख 59 हजार रूपए स्वीकृत है। जिसमें 106 कार्य पूर्ण हो गए है, 50 कार्य प्रगति पर है। सांसद निधि से वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 तक 4 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से 140 कार्य स्वीकृत किए गए है। जिसमें 99 कार्य पूर्ण हो गए है, शेष कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने बैठक में विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने तथा जिन-जिन ग्राम पंचायतों में स्थल को लेकर आपत्ति तथा विवाद हैए उन ग्राम पंचायतों की समस्या का समाधान करने के लिए एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कोचिया क्षेत्र में घूम-घूम कर खरीद रहे चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शासन प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य की दुकान से प्राथमिकता व आत्योंदय तथा एपीएल कार्ड धारियों को शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना से प्रत्येक राशन कार्ड धारियों को निःशुल्क चांवल दिया जा रहा है, लेकिन शहर व ग्रामीण क्षेत्र में खुलेआम गोरखधंधा चल रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में चांवल की खरीदी करने वाले कोचिया व माल वाहक गांव-गांव घूमकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चांवल के बदले मे एचएमटी, खंडा व दूसरा किस्म के चांवल तथा कोचियों द्वारा 25 सौ रूपए में खरीदी की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में किस दुकान में यह गोरख धंधा चल रहा है। इसकी जानकारी शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को पता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने गंभीरता नहीं दिखा रहे है। जिससे ग्रामीणों को इससे उनकी मिली भगत की आशंका जताई जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान से शासन प्रशासन की आंखो मे धूल झोंक कर गरीबो के हिस्से के चांवल को खरीद कर उन्हे ग्रामीण किसान व मजदूर तथा जरूरतमंदो को फिर बेचकर बड़ा मुनाफा कमा रहे है। नगर के कई अनाज दुकानो मे खरीदी-बिक्री का खेल चल रहा है।

यह धंधा ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के अलावा कई स्थान पर खुलेआम चल रहा है। यह गोरख धंधा शासन की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबो को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना व खाद्य सुरक्षा कानून की धज्जिया उड़ा रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों तथा विभागीय अधिकारियों को इस आरे ध्यान देने तथा मामले की जांच करने की मांग की गई।

## किसानों की सुख-समृद्धि भाजपा सरकार की प्रतिबद्धताः वीरेन्द्र साहू



**हरिभूमि कवर्धा।** वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय कवर्धा में गत दिनों खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनांतर्गत कृषकों को रबी मसूर बीज मिनीकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। अध्यक्षता पीयूष ठाकुर सभापति कृषि स्थाई समिति ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य अजीत कौशिक, नरेश साहू, सरपंच अशोक कश्यप, लक्ष्मण कौशिक सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कृषणगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू द्वारा 65 कृषकों को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनांतर्गत कृषकों को रबी मसूर बीज मिनीकिट वितरित की गई। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और हमारे अन्नदाता किसान समाज की रीढ़ हैं। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण से हमारे देश का विकास संभव हुआ है, और इसलिए आपकी खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार किसानों की समृद्धि और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम जानते हैं कि जब तक हमारे किसान समृद्ध नहीं होंगे, तब तक देश की प्रगति अधूरी है। इसी दृष्टिकोण से हमने कई महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों को लागू किया है, जो सीधे आपके जीवन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन की गई हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सरकार छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, ताकि वे अपनी खेती के लिए आवश्यक संसाधनों को प्राप्त कर सकें। यह योजना किसानों की आय में वृद्धि करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री साहू ने कहा कि फसल बीमा योजना के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्राकृतिक आपदाओं के समय भी आपके परिवार की आजीविका सुरक्षित रहे। किसी भी अप्रत्याशित नुकसान के बावजूद आप अपनी खेती को जारी रख सकें, इसके लिए सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य भी हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसके तहत हमने सिंचाई, बेहतर बीज, उर्वरक, और आधुनिक तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया है।

# भूमिहीन किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहेः दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पूर्व की कांग्रेस शासन काल में कांग्रेस सरकार द्वारा भूमिहीन किसानों को सालाना सात हजार रूपए दिया जाता था, राजीव गांधी न्याय योजना के तहत जिसके पास खेती नहीं था उन्हे कांग्रेस शासन काल में 7000 रूपए सालाना दिया जाता था ताकि वह अपना जीवन-यापन कर सके।



वहीं भाजपा पार्टी द्वारा चुनाव के पहले अपने घोषणा पत्र जारी किया था कि अगर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है तो भूमिहीन किसानों को सालाना 10 हजार रूपए दिया जाएगा, लेकिन जैसे ही भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आया व चुनाव जीतने के बाद भूमिहीन किसानों को आज पंर्यत तक राशि नही मिल पाई है। भाजपा सरकार को चुनाव जीते आज 9 माह हो गए है लेकिन अभी तक क्षेत्र के भूमिहीन किसानों के बैंक खाते में एक भी रुपए नहीं आया है। जिस पर कोलेगांव निवासी दिनेश पाण्डेय ने शासन प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी को अपनी घोषणा पत्र व वादा का अमल करने कि मांग की गई ताकि भूमिहीन किसानों को 10 हजार रूपए सालाना दिया जाए।

श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार से आज भूमिहीन किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहें है। भाजपा सरकार अपनी घोषणा पत्र के वादा को पूरा नहीं कर पाया है जिससे भूमिहीन किसान में भारी नाराजगी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के किसान भाजपा सरकार की महत्वकांक्षी योजना की बांट जोह रहें है कि कब भूमिहीन किसानों के खाता में पैसा पहुंचेगी।

# क्षेत्र में नल जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कार्य जोरों पर

- निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को मिलेगी शुद्ध पेजजल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजन नल जल जीवन मिशन योजना के तहत लगभग लागत 97.47 लाख रूपए से भव्य पानी टंकी निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है।

जिस पर ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल घरेलू नल कनेक्शन घरों-घर निर्माण किया जा चुका है वहीं अब पानी टंकी का निर्माण कार्य जोरों पर है जिससे ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों को नवनिर्माण पानी टंकी नल जल योजना का जल्द ग्रामवासियों लाभावित होगें।

ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा जोर-जोर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो पूरी गांव



को पानी पूर्ति की जाएगी जिसकी क्षमता 45 हजार लीटर है जो घरेलू नल जल मिशन अंतर्गत ग्रामवासियों को नव निर्माण होने के बाद पेयजल की समस्या से राहत व सुविधा मिलेगी। वही ग्रामवासियों ने ठेकेदार व जिममेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा विशाल पानी टंकी नवनिर्माण कार्य के समय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई ताकि मजबूत पानी टंकी निर्माण हो सके।

# प्रदेश सहकारी समितियों के कार्यरत कर्मचारियों की लंबित प्रमुख तीन मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर पं.क्र. 6685 प्रांतीय संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा निरंतर संदर्भित पत्रों अनुसार कर्मचारी तीन सूत्रीय लंबित मांगो को निरंतर लिखित रूप से छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन को दिया गया था। जिसमें प्रदेश सहकारी समितियों ने 18 जून 2024 स्थान धरना स्थल तुता नवा रायपुर छत्तीसगढ मुख्यमंत्री जनदर्शन 04 जून 2024 में भी दिया गया था। परंतु खेद का विषय है कि आज दिनांक तक मांगो पर किसी भी प्रकार सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। इस कारण प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में चरण बद्ध अनिश्चित कालीन आंदोलन मांग पूर्ति तक करने का निर्णय लिया गया है। फलस्वरूप प्रदेश के 2058 समितियों द्वारा



छत्तीसगढ शासन की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं जैसे समर्थन मूल्य धान की खरीदी की तैयारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली कृषक पंजीयन ईआरपी, केसीसी, आईएस पोर्टल आदि कार्य प्रभावित होगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। जिसमें प्रमुख तीन सूत्रीय लंबित मांगे जो कि मध्यप्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाएं लाभ देने हेतु प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रूपए प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित की जाएं, सेवानियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू की जाएं व समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुखत मान्य करते हुए आगामी वर्षो के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 मे सुखत मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध से परिवर्तन करते हुए प्रासंगिक व सुरक्षा व्यय एवं कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा आदि को 4 गुणा बढ़ोत्तरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षति पूर्ति 5 हजार रूपए दी जाएं साथ ही साथ चरण बद्ध अनियित कालीन आंदोलन की रूप रेखा 18 से 20 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर प्रदेश के 2058 समितियों में कार्यरत लगभग 13 हजार कर्मचारियों द्वारा अपने समितियों में कार्य करेंगे। तथा 21 व 22 अक्टूबर तक दो दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर 22 अक्टूबर को मुख्यमंत्री, खाद्यमंत्री, सहकारिता मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 23 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश बाद लंबित तीन सूत्रीय मांगो पर नारा लगाएंगे। उक्त तीन सूत्रीय मांगो पर सकरात्मक पहल नहीं होने पर 04 नवम्बर से लंबित तीन सूत्रीय मांगो की पूर्ति तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन स्थल तूला रायपुर में प्रदेश स्तरीय की जाएगी।







## जखनाडीह में न्योता भोज कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला जखनाडीह में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुखराम व सदस्यगण तथा संकुल समन्वयक नारायण कुंभकार, प्रधान पाठक रोशन सिंह कौशिल, शिक्षक दिलेश्वर कुमार जघेंल तथा संकुल के अन्य विद्यालय से प्रधान पाठक प्रदीप यादव, शिक्षक मनोज दोन्डे, कुंजय मारकंडे, चैन सिंह, सुनीत कुमार, मोतीराम की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों को खीर-पूड़ी, केला, दाल-चांवल व सब्जी परोसा गया।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071



## खबर संक्षेप



### प्रधान आरक्षक श्री ठाकुर को मिली पदोन्नति

**स.लोहारा।** विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम नवघटा-शबराटोला निवासी राजेश कुमार सिंह ठाकुर को सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव रेंज की पदोन्नति के लिए जारी 2024 की योग्यता सूची के तहत कबीरधाम जिला पुलिस के प्रधान आरक्षक राजेश कुमार सिंह ठाकुर को प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। उन्हें कवर्धा में आयोजित एक सादे समारोह में प्रभारी पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह और एएसपी पुष्पेंद्र बघेल ने राजेश कुमार सिंह ठाकुर को स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने पदोन्नत अधिकारी को उनके कार्यों में उन्नति की शुभकामनाएं दी। समारोह में पदोन्नत अधिकारियों के परिवार और कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। प्रधान आरक्षक राजेश कुमार सिंह ठाकुर के सहायक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर उनके सहपाठी, मित्रगण, ग्रामवासियों सहित उनके परिजनो ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### बाघामुड़ा में जनसमस्या निवारण शिविर 26 को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया गया था। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में 26 अक्टूबर शनिवार को आयोजित शिविर में ग्राम उदका, खैरडोंगरी, दुल्लापुर, नरसिंहपुर, अमलडीहा, भरेवापारा, कांपादाह सहित कुल 54 अन्य ग्राम शामिल हैं।

# बाजार में शुरू हुई दिवाली की रौनक, नगर के दुकानदारों को पर्व में अच्छे व्यवसाय की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दीवाली का त्यौहार नजदीक आते ही नगर के बाजार में दीवाली की रौनक नजर आने लगी है वहीं खरीददारों की चहल कदमी भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। अच्छी ग्राहकी की आस लगाए दुकानदार भी ग्राहकों लुभाने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। त्यौहार को देखते हुए इस बार बाजार में ग्राहकों के लिए उपहारों के साथ-साथ नए रेंज की व्यवस्था की है। इस बार धनतेरस 29 अक्टूबर को और दीपावली 31 अक्टूबर को पड़ने वाली है। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपावली में लोग टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कम्प्युटर, मोबाईल, फर्नीचर, कपड़ा तथा सोना व चांदी के जेवर सहित अन्य सामानों की खरीदी करते हैं। इन सामानों के खरीददारों को लुभाने अधिकांश दुकानदार छूट व उपहार की योजना चला रहे हैं। नगर के सराफा व्यापारियों ने बताया कि दीपावली त्यौहार को देखते हुए विशेष तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सोना करीब 80 हजार रूपए प्रति तोला के आसपास है। इसी प्रकार चांदी 65 हजार रूपए प्रति किलो चल रही है। जो पिछले साल की अपेक्षा काफी अधिक है। सराफा व्यापारियों ने बताया कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए सोना, चांदी के जेवरातों के आलावा पूजा पाठ में उपयोग आने वाले बर्तन, मूर्तियां आदि भी तैयार किए गए है। सराफा व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार लोग सोना, चांदी की तरफ आकर्षित होंगे और अच्छी खरीदी करेंगे, क्योंकि इस बार फसल अच्छी है। वहीं नगर के विभिन्न रेडीमेट कपड़ा दुकान संचालकों ने बताया कि ग्राहकी धीरे-धीरे बढ़ रही है और आने वाले कुछ दिनो बाद इसमें तेजी आ जायेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पर्व को देखते हुए युवाओं की पसंद के जींस, टी-शर्ट व ट्राउजर दुकानों में सजाये गये है। कपड़ा दुकान संचालकों ने बताया कि महिलाओं ने कपड़े की खरीददारी शुरू कर दी है और हमने भी इस वर्ष महिलाओं की पसंद के अनुरूप ही दुकान सजाई है। उन्होंने बताया कि पर्व विशेष में रंग-बिरंगे साड़ियां, सिल्क, कार्टन, कांजीवरम, वर्कवाली साड़ी के साथ कुमकुम, भाभी जैसे टीवी सीरियलों की नायिका के नाम की अनेक साडियां का भारी स्टाक उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार धनतेरस को लेकर बर्तन व्यवसायी अपनी दुकानों को सजाने लगे हैं। बर्तनों के दामों में तेजी आने से बर्तन व्यापारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बर्तन दुकान संचालकों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बर्तनों के दामों में वृद्धि हुई है, फिर भी लोग धनतेरस के अवसर पर बर्तनो की खरीदी करते ही है। सोना चांदी, बर्तन तथा कपड़ा के अलावा लोग दीपावली पर्व पर टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कम्प्युटर, मोबाईल, फर्नीचर सहित दूसरे इलेक्ट्रानिक सामान भी जमकर खरीद रहे हैं। इलेक्ट्रानिक सामानों के विक्रेताओं ने बताया कि लोग दुकानों में तो पहुंच रहे हैं लेकिन अभी पूछ परख ही चल रही है।

### ऑन लाइन शॉपिंग बाजार पर डाल रही असर



स्थानीय कपड़ा, इलेक्ट्रानिक सहित अन्य दुकानों के संचालकों की माने तो दीपावली के बाजार को ऑन लाईन शॉपिंग कुछ हद तक प्रभावित कर रही है। उन्होंने बताया कि बदलते जमाने के साथ ऑन लाईन शॉपिंग तेजी से बढ़ रही है। खासकर लोग कपड़ा, मोबाईल, मेटल ज्वेलरी, सहित अन्य छोटे आईटम ऑन लॉनिक आर्डर कर रहे हैं। जिसके चलते इसका असर बाजार पर पड़ रहा है।

### दुकानदारों का मानना है खेती किसानी पर टिका दीवाली बाजार

दुकानदारों का मानना है कि उनका व्यवसाय पूरी तरह खेती किसानी पर टिका होता है, अगर फसल अच्छी होती है तो किसानो के हांथ में पैसा होता है तो वे बाजार का रूख करते हैं। जिस हिसाब से इस बार मानसून मेहरबान रहा है और खेतों में धान, सोयाबीन, गन्ना सहित अन्य फसले लहलहा रही है उसे देखते हुए दुकानों को भी पूरी उम्मीद है कि धनतेरस व दीपावली में उनका व्यापार बेहतर होगा। क्योंकि ग्रामीण लोग ऑन लाईन शॉपिंग करने से बेहतर दुकान में जाकर अपनी मनपसंद का सामान खरीदने में ज्यादा भरोसा करते हैं।

**समस्या:** भूमि क्रय-विक्रय सहित रजिस्ट्री संबंधी तमाम कामकाज ठप, शासन को नुकसान

# दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेडर संघ बेमुद्दत हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के इतिहास में पहली बार अपनी जायज मांगों के लेकर दस्तावेज लेखक संघ एवं स्टाम्प वेडर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। संघ ने बकायदा इससे संबंधित सूचना तहसीदार कवर्धा को भी दे दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दस्तावेज लेखक संघ एवं स्टाम्प वेडर संघ जिला कबीरधाम ने अपनी जायज मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर पूर्व में शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था लेकिन संघ की माने तो आश्वासन के बाद भी उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। जिसके चलते अब संघ ने 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की निर्णय लिया है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा दस्तावेज लेखक संघ एवं स्टाम्प वेडर संघ के अपनी जायज़ मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से इसका सीधा असर भूमि के क्रय विक्रय, जमीन रजिस्ट्री पर पड़ रहा है। जिसके चलते राज्य सरकार को बड़े राजस्व की हानि हो रहीं हैं। वही आमजनों को शपथपत्र, इकरारनामा, किरायाना आदि बनवाने के लिए तहसील कार्यालय एवं रजिस्ट्री के लिए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि शासन-प्रशासन को संघ की हड़ताल समाप्त कराने पहल करनी चाहिए।

### संघ ने लगाया शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप



संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कबीरधाम जिले सहित प्रदेश भर के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेन लेखक एवं स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा अपनी कुछ जायज मांगो को लेकर पूर्व में शासन का ध्यान आकृष्ट कराने विभिन्न चरणों में मांग पत्र सौपा गया था। परन्तु उक्त मांगों पर कभी भी विचार नहीं किया गया। जिसके चलते दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपने प्रदेश संघ के माध्यम के बैनर तले हाल ही में एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल भी गई तत्पश्चात एक सप्ताह काली पटटी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किया गया। इसी कड़ी में गत18 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लेकर संघ ने पुनः अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन शासन-प्रशासन को सौंपा। जिस पर संघ के प्रतिनिधी मंडल को सम्मान पूर्वक वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया और चर्चा के दौरान संघ की मांगों व समस्याओं को 15 दिवस के अंदर पूरा किए जाने का आश्वासन दिया गया था परन्तु एक माह बीत जाने के बाद भी आश्वासन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। यही वजह है कि अब दस्तावेज लेखक संघ एवं स्टाम्प वेडर संघ ने शासन-प्रशासन की उपेक्षा से त्रस्त होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है।

# सूचना अधिकार के तहत चाही गई जानकारी के बदले आवेदक पत्रकार को जान से मारने की धमकी

- ग्राम पंचायत रेंगाखार जंगल के पंचायत सचिव ने दी धमकी
- पत्रकार ने सचिव के खिलाफ थाना में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭रेंगाखार जंगल

जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाखार जंगल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां ग्राम पंचायत के सचिव एवं सूचना अधिकारी ने सूचना के अधिकार कानून के तहत आवेदक पत्रकार को चाही गई जानकारी देने की बजाए उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित आवेदक ने अब इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से लिखित में करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में आवेदक पत्रकार लखन चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए आवेदन में जानकारी देते हुए बताया है कि गत 15 जुलाई 2024 को उन्होने ग्राम पंचायत सचिव रेंगाखार के पास सूचना के अधिकार के तहत क. क्यू-1 से क. क्यू-6 तक आवेदन देकर जानकारी चाही गई थी। जिसे रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा गया था। कुछ दिन उपरान्त सचिव एवं जनसूचना अधिकारी रमेश पटले द्वारा लिखित पत्र भेजकर 751 पेज की जानकारी देते हुए 1502 रूपए की राशि जमा कर जानकारी प्राप्त करने का उल्लेख किया गया। श्री चौधरी ने बताया कि सचिव की इस जानकारी के बाद वे निर्धारित राशि जमाकर जानकारी लेने सचिव से मिलने ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचे लेकिन उस वक्त सचिव कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस तरह सचिव द्वारा आवेदक को तीन बार बुलाया गया और हर बार श्री चौधरी समय पर कार्यालय पहुंचकर सचिव का इंतजार करते रहे। मोबाईल से संपर्क करने सचिव द्वारा फोन नहीं उठाया गया। बाद में उनकी मुलाकात सचिव से रेंगाखार बस स्टैण्ड में हुई और श्री चौधरी ने पुनः सचिव से राशि जमा कर चाही गई जानकारी देने कहा लेकिन सचिव ने इस बार भी श्री चौधरी को यह कह कर चकमा दे दिया की तुम कार्यालय पहुंचो में कार्यालय की चाबी लेकर आता हूं। जिसके बाद श्री चौधरी ने इस बात की शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला से को लिखित पत्र देकर चाही गई राशि जमा कराकर जानकारी दिलाये जाने हेतु सी.ई.ओ. बोड़ला से लिखित में की लेकिन जनपद पंचायत के सीईओ ने भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। तत्पश्चात श्री चौधरी ने पोस्ट ऑफिस के माध्यम से राशि जमा करने रजिस्टर्ड डाक से आवेदन भेजा, पोस्ट आफिस से डाकिया इंदल सिंह नेताम डाक तामिल करने सचिव के घर तीन बार गए पर सचिव ने उसे भी लेने से इंकार कर दिया और रजिस्ट्री वापस कर दी। जिसके बाद श्री चौधरी ने पुनः मामले की शिकवा शिकायत विभाग के उच्च अधिकारी से की और अधिकारी ने जब सचिव को जानकारी देने कहा गया तो सचिव ने जनपद पंचायत बोड़ला के मार्फद कहलवा दिया कि वह न तो राशि जमा करेगा और न ही जानकारी देगा और अगर आवेदक मेरे पीछे ऐसे ही लगा रहेगा तो मैं उसका पत्रकार विवेक चौबे जैसा हश्र करा दूंगा। ज्ञात हो कि विवेक चौबे भी एक पत्रकार था जिसकी हत्या की गई थी। इस धमकी के बाद अब आवेदक लखन चौधरी ने सचिव के विरूद्ध रेंगाखार थाना में शिकात दर्ज कराकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

# छिरहा स्कूल में ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के निर्देशानुसार घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल छिरहा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह चित्रकला ऊर्जा का संरक्षण पर्यावरण का अनुरक्षण तथा ऊर्जा की बचत पर्यावरण की रक्षक विषय पर आधारित रहा। इस चित्रकला प्रतियोगिता में करिश्मा दिवाकर ने प्रथम एवं शिवानी जोशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, विज्ञान शिक्षिका रंजीता माहेश्वरी, कल्पना मरावी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# स्वदेशी मेला में शहर के प्रतिष्ठित गायक राजीव केशरी ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा नगर में आयोजित स्वदेशी मेला में शहर के प्रतिष्ठित गायक राजीव केशरी ने अपनी शानदार प्रस्तुति और गायकी से एक बार फिर संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्री केशरी ने किशोर कुमार के गीत तेरे चेहरे में वो जादू है, एसपी बालसुब्रमन्नियम के गीत तुमसे मिलने की तमन्ना है, उदित नारायण के गीत तेरे नाम, येशुदास के गीत दिल के टुकड़े, मुकेश के गीत सुहानी चांदनी राते जैसे हर दिल अजीज शानदार गीतों को अपनी आवाज में प्रस्तुति देकर श्रोताओं के दिलो में अमिट छाप बनाने में सफल रहे। गौरतलब है कि श्री केशरी लगभग 7 से 8 गायकों के गीतों को गाने की दक्षता रखते हुए अपनी कुदरती आवाज के लिए मशहूर हैं। साथ ही स्वर संवेदना ग्रुप के माध्यम से एक गायक होते हुए नवोदित गायकों एवं वादक कलाकारों को मंच देते हैं जिससे जिले और राज्य के नवोदित कलाकारों को अपनी प्रतिमा को लोगों के सामने रखने का अवसर मिलता है। श्री केशरी पूर्व में भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर के मंचो में अपनी प्रस्तुति से जिले का नाम रौशन कर चुके हैं साथ ही हिंदी, भोजपुरी, छत्तीसगढ़ी फिल्म में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायकी कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के प्रतिष्ठि नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मित्रो तथा संगीत प्रेमियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### स्कूल में नेवता भोज का आयोजन



स लोहारा विकासखण्ड स.लोहारा के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी जंगल के सरपंच बालुराम जंघेल के द्वारा विगत दिनों शासन के दिशा निर्देशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन किया गया। नेवता भोज आयोजन के तहत, शाला के बच्चों के लिए पौष्टिक आहार खीर, पुडी , जलेबी, पापड़, केला, सलाद, बच्चों की मन पसंद पनीर की सब्जी, दाल चांवल परोसा गया। नेवता भोज, रुचि अनुरुप भोजन से बच्चे उत्साहित रहे। इस कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक, शिक्षिकाएं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व पदाधिकारी, पंचगण, पालक, ग्रामवासी एवं दोनों स्कूल के छात्र, छात्रा नेवता भोज कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**जिले, प्रदेश व वन विभाग को मीना ने किया गौरवान्वित**

# मीना ने जीते 3 गोल्ड, 2 सिल्वर मेडल व बेस्ट स्ट्रांग वूमेन ट्राफी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

27 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 16 से 20 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें भारत देश के 29 राज्य से करीब 3000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कवर्धा वन मंडल में पदस्थ श्रीमती मीना धुर्वे (एससीएफओ) ने पावरलिफ्टिंग (वेटरन) में गोल्ड मेडल एवं पावरलिफ्टिंग (ओपन) में सिल्वर मेडल, वेटलिफ्टिंग (वेटरन) में गोल्ड मेडल एवं वेटलिफ्टिंग (ओपन) में सिल्वर मेडल तथा गोला फेक में गोल्ड मेडल अर्जित किया साथ ही उन्हें बेस्ट स्ट्रांगमेन ऑफ छत्तीसगढ़ (महिला) ट्राफी से भी सम्मानित किया गया। वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि 27 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें कवर्धा वनमंडल में पदस्थ श्रीमती मीना धुर्वे (एससीएफओ) पावरलिफ्टिंग 72 किलो ग्राम वर्ग (वेटरन)-गोल्ड, पावरलिफ्टिंग (ओपन)-सिल्वर, वेटलिफ्टिंग 76 किलो ग्राम वर्ग (वेटरन)-गोल्ड (ओपन)-सिल्वर, गोला फेंक-गोल्ड, युधिष्ठिर साहू (बीएफओ) दौड़ 800 मीटर में कास्य, 1500 मीटर में कास्य, 5000 मीटर में कास्य, 25 किलो मीटर में चतुर्थ, विजय चौधरी (बीएफओ) रिलेरेस 400 मीटर में चतुर्थ, 200 मीटर में पंचम, उदयभान मेरावी (बीएफओ) पॉवर लिफ्टिंग 66 किलो ग्राम वर्ग पुरुष ओपन में पंचम, प्रमिला साहू (बीएफओ) आर्चरी चतुर्थ, अमित कुमार ध्रुव (एससीएफओ) आर्चरी में नवंम, संदीप कुमार साहू (बीएफओ) व्हालीबॉल, फुलन्ती भगत तैराकी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा एवं समस्त क्षेत्रीय कार्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने समस्त खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# स. लोहारा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा



नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गत दिनो जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम वाई डीसाहू एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहसपुर लोहारा संतोष भास्कर के कुशल मार्गदर्शन में 21वीं राज्य स्तरीय गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी, राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024-25 तथा राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार 2024-25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने आसपास की समस्याओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर मॉडल तथा प्रोजेक्ट तैयार किया। प्रतियोगिता में गणित तथा विज्ञान विषयों के अतिरिक्त पर्यावरण से जुड़े अन्य विषयों पर भी छात्रों ने मॉडल बनाकर अपनी वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। विभिन्न विधाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायकों ने कई बिंदुओं पर मॉडल का आकलन कर अपना निर्णय दिया। जिसमें गणित विषय में कक्षा 11 वीं से तुषार एवं साथी प्रथम स्थान पर तथा निहाल एवं साथी द्वितीय स्थान, विज्ञान विषय में हरीश साहू कक्षा दसवीं प्रथम तथा भूपेंद्र गंधर्व और दीक्षा द्वितीय स्थान, हायर स्तर में कक्षा 11वीं से चांदनी देवांगन एवं साथी प्रथम स्थान पर तथा चांदनी वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही अन्य विषयों पर भी छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु विजेताओं को प्राचार्य मनहरण लाल तुर्केले व अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

## सार समाचार

### सिकल सेल स्क्रीनिंग महाभियान आज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत कल 23 अक्टूबर को विकासखंड स्तर, सेक्टर स्तर एवं ग्राम स्तर पर 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग को आवश्यक सहयोग एवं समन्वय करते कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए है। जिससे सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों को समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन के तहत निःशुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग कराने की अपील की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सिकल सेल एक आनुवांशिक रोग है। जिसका सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल सेल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। मितानिनों को गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। संदीप तम्रकार ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायू) द्वारा स्कूलों में छात्र-छात्राओं का भी सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा।

### पांच खाद्य दुकानों में विभाग ने दी दबिश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के आमजनों के बीच स्वच्छ सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश दी जा रही है। साथ ही व्यापारियों से नियमों का पालन करते खाद्य व्यापार करने कहा जा रहा है। त्यौहारी सीजन में उपभोक्ताओं को मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री से बचाने होटल, रेस्टोरेंट, किराना दुकानों, डेयरी का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि विभाग द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के स्वागत होटल से पनीर, मां बम्लेश्वरी रेस्टोरेंट से दाल, जायसवाल किराना से आटा, सांई ट्रेडर्स से साबूदाना तथा डोंगरगांव विकासखंड के बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, गौतम होटल से कलाकंद, मानसरोवर से काजू कतली सहित 14 से अधिक खाद्य सामग्री को आशंका के आधार पर नमूने जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही 5 खाद्य व्यापारियों को खाद्य प्रतिष्ठानों में उचित रखरखाव नहीं पाए जाने पर नोटिस भी जारी किया गया है।



### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प आज

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में कल 23 अक्टूबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें एलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड लालपुर रायपुर द्वारा वर्किंग पार्टनर के 8, मार्केटिंग के 4, एजेंट के 60 एवं सिक्यूरिटी गार्ड के 150 पद, फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट राम नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा फायर मेन के 20, सिक्यूरिटी गार्ड के 150, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, ड्राइवर हैवी लाइसेंस के 10 एवं होम केयर टेकर सर्विस के 100 पद, प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन अंजोरा जिला दुर्ग द्वारा मल्टीफंकस्नल ऑफिस एसोसिएट के 20, हाउस कीपिंग के 20 एवं फुड एण्ड बेवरेजेस के 20 पद, सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 100, सिक्यूरिटी गार्ड के 200 एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्राईवेट लिमिटेड बलौदाबाजार द्वारा इलेक्ट्रीकल के 2, फीटर के 2, डिप्लोमा इन मेकैनिकल के 2 एवं ग्रेजुएट इन मैकेनिकल के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 81वां नव आरक्षक दीक्षांत समारोह आयोजित

# दीक्षांत परेड में 104 जवानों ने ली कर्तव्य और निष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बुनियादी पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 81वां नव आरक्षक दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 104 नव आरक्षकों ने पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली।

राजनांदगांव शहर के पीटीएस स्थित शौर्य परेड मैदान में आज 81वां नव आरक्षक दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा शामिल हुए। उन्होंने पास आउट होने वाले 104 नव आरक्षकों को शुभकामनाएं देते समाज के बीच जाकर बेहतर कार्य करने संबोधित किया।



#### खास हुआ दीक्षांत समारोह

इस वर्ष आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह खास रहा, क्योंकि यहां शपथ लेने वाले अधिकांश नव आरक्षक आम नहीं खास थे। नव आरक्षक दीक्षांत समारोह के अवसर पर आयोजित परेड समारोह में 8 अभ्यर्थी सीधी भर्ती से थे। वहीं 27 अनुकंपा नियुक्ति से और 9 गोपनीय सैनिक एवं 60 सहायक आरक्षक थे, जो यहां बुनियादी प्रशिक्षण लेकर अब नव आरक्षक बन गए हैं। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैदान में आयोजित इस समारोह में कुल 104 नव आरक्षकों को देश सेवा के लिए पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

#### मुख्य अतिथि ने ली परेड की सलामी

दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि आईजी दीपक झा द्वारा परेड की सलामी ली गई। वहीं परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान नव आरक्षकों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। जिसके बाद शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। समारोह में पीटीएस पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिवेदन वाचन किया गया। वहीं आईजी द्वारा उद्बोधन पश्चात पारितोषिक वितरण किया गया।

#### नक्सली संगठन का हिस्सा रहे जवान भी

दीक्षांत समारोह के अवसर पर पास आउट होने वाले आरक्षकों में आत्म समर्पित पूर्व नक्सलियों ने भी देश सेवा की शपथ ली। इस दौरान नक्सली संगठन का हिस्सा रहे सुकमा जिले के मुसाखी जूदेव ने कहा कि बीहड़ वनांचल क्षेत्र में रहने के लिए नक्सली संगठन का साथ देना मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से 10 तक वह नक्सली संगठन का हिस्सा रहे और जंताना सरकार के स्कूल आश्रम में शिक्षक थे। वर्ष 2016 में उन्होंने नक्सली संगठन का साथ छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि आज देश सेवा के लिए वह अच्छे लगन से काम करना चाहते हैं।

#### पुलिस परिवार के लोग हुए शामिल

दीक्षांत परेड समारोह के अवसर पर राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस परिवार के लोग, नव आरक्षकों के परिजनों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## स्नेहा ने जीता सिल्वर मैडल




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनआरसीए के संयुक्त सचिव रामप्रसाद पाल ने बताया कि 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित एशियन जूनियर शतरंज स्पर्धा जो फिलीपींस के तगातेय शहर में विश्व शतरंज महासंघ के दिशा-निर्देश में एशियन शतरंज महासंघ द्वारा आयोजित की गई थी।

जिसमें भारतीय बालिका शतरंज टीम की खिलाड़ी 15 वर्षीय स्नेहा हालदार ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया। इस स्पर्धा में उपविजेता बन देश का गौरव व मान सम्मान बढ़ाया। इस शतरंज स्पर्धा में लगभग 15 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। स्पर्धा में स्नेहा हालदार को विश्व शतरंज महासंघ द्वारा वुमेन ई.एम. का पहला नॉर्म्स मिला। उक्त जानकारी एनआरसीए शतरंज द्वारा दी गई है।

## प्रभात अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रहरि भवन के सभागार में गत दिनों संपन्न हुए चुनाव में समाज के वरिष्ठजनों और संरक्षकों के मार्गदर्शन में अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष पद के लिए प्रभात गुप्ता राजा निर्विरोध निर्वाचित हुए।

युवा संगठन अध्यक्ष के रूप में डॉ. सुबोध गुप्ता को चुना गया। प्रभात गुप्ता अग्रहरि भवन के वंश परंपरागत ट्रस्टी, युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष तथा लगातार समाज में सक्रिय रहने वाले, नगर निगम राजनांदगांव में पूर्व एल्डरमैन और विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ गायत्री परिवार से भी जुड़े हुए हैं। संपन्न हुए चुनाव में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही एवं नए अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। चुनाव का संचालन अरुण गुप्ता अधिवक्ता ने किया।

#### अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

प्रभात गुप्ता ने अपनी नई कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें संरक्षकगण अजय कुमार, श्याम चरण, रमेश कुमार, राजेश कुमार, रामकिशोर, गौरीशंकर, नवीन कुमार और मनोज कुमार, मार्गदर्शक मंडल में राकेश कुमार, सतीष कुमार, श्रीकांत, राधेश्याम और अशोक कुमार, सलाहकार सुरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष प्रबोध कुमार, प्रज्ज्वल और गीतेश, सचिव अरविंद, सह-सचिव अमित और ज्ञानेश, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, प्रचार-प्रसार प्रभारी कैलाश और गगन, विधिक सलाहकार अरुण कुमार एवं आदित्य स्वरूप तथा कार्यकारिणी में संजीव, मुकेश, दीपक, पंकज, आशीष और अंकित कुमार को शामिल किया गया। साथ ही दीपावली मिलन व अन्नकूट मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कैलाश अग्रहरि ने दी।

## नगर निगम में आर्थिक अनियमितता कांग्रेस पार्षद ने थाना में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बीते दिनों राजनांदगांव शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में एक धार्मिक कथा के आयोजन को लेकर नगर निगम द्वारा ऑडिटोरियम का हॉल किराये में दिया गया था। इसके बाद आयोजक द्वारा ऑडिटोरियम का शुल्क जमा नहीं करने का मामला सामने आया था। अब इस मामले को लेकर वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम आयुक्त पर अनियमितता का आरोप लगाते मामले की जांच कर एफआईआर करने के लिए कोतवाली थाना में आवेदन दिया है।

वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बीते 2 अगस्त से 8 अगस्त तक शहर के ऑडिटोरियम का भवन धार्मिक कथा के आयोजन के लिए निगम द्वारा आयोजन समिति को किराये पर दिया गया था, लेकिन आयोजक ने नगर निगम में शुल्क जमा नहीं किया। वहीं इस कथा के आयोजन से शहर की आम जनता को दूर रखा गया और लोगों की भीड़ ऑडिटोरियम के बाहर रही, लेकिन उन्होंने कथा सुनने भीतर जाने नहीं दिया गया। वहीं आयोजन समिति द्वारा चंद लोगों के लिए आयोजन कराया गया और पास बेचकर व्यापार किया गया। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति को किराया पटना चाहिए था, लेकिन पैसा पटा है या नहीं निगम आयुक्त इसकी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आयुक्त दोषी है।

#### कार्रवाई की मांग

इस मामले में कार्रवाई के लिए अन्य कांग्रेसी पार्षदों के साथ कोतवाली थाना पहुंचे वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आवेदन के माध्यम से एफआईआर कर मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

#### दिया गया है आवेदन

नगर निगम में आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच कराकर एफआईआर करने आवेदन दिया गया है। मामले की जांच उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
- **एमन साहू**, टीआई, थाना कोतवाली

#### शुल्क नहीं लेकर आर्थिक अनियमितता

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि एक तरफ नगर निगम के पास कर्मचारियों को वेतन देने पैसा नहीं है। वहीं शहर की सड़कें गड्ढों से भरी हुई है। इन सड़कों की मरम्मत के लिए भी निगम के पास पैसा नहीं होने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आयोजन समिति से शुल्क नहीं लेकर आर्थिक अनियमितता की जा रही है।

## गृहणियां भी ले रही भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा का सदस्यता अभियान महापर्व के तहत जन-जन को लोहिया और मुखर्जी की अंत्योदय और राष्ट्रप्रेम की विचारधारा से जोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को ग्राम इंदामरा और बरगा में पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली। अतिथियों ने नवसदस्यों के जुड़ने पर हर्ष व्यक्त किया। सभी सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने बताया कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भाजपा से नए सदस्यों को जोड़ने का अभियान क्रमवत चल रहा है। 15 से अधिक गांव में सदस्यता अभियान ने दस्तक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से प्रभावित लोग भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। महतारी वंदन योजना और उज्जवला योजना का लाभ ले रही गृहणियां भी भाजपा की सदस्य बनने खुद सामने आ रही हैं। युवा वर्ग में भी बड़ा जोश नजर आ रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्राम इंदामरा और बरगा में मंगलवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग जुटे। नए सदस्यों को तिलक कर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया गया। यहां अतिथियों ने भाजपा की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक सफलताओं और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियों पर बात की। परवेज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल और सांसद संतोष पांडे की संसदीय क्षेत्रों के लिए हासिल की गई उपलब्धियों पर भी लोगों के बीच चर्चा हो रही है। इस दौरान ग्राम बरगा में बलराम निर्मलकर, गजराज सिंह भरतद्वाज, ग्राम इंदामरा से बूथ अध्यक्ष नरोत्तम साहू, गजेंद्र वर्मा, गोपाल वर्मा, कन्हैयादास, समारु साहू, सेवक वर्मा, उभेराम साहू, केवलराम साहू, हेमादास साहू, भुनेश्वर वर्मा, तिरिथ राम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण मौजूद थे।

## 8वीं बटालियन की नेहा नई कमांडेंट



**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले की एएसपी नेहा पांडे 8वीं बटालियन की नई कमांडेंट होंगी। राज्य सरकार ने 2005 बैच के आधा दर्जन से ज्यादा स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों को हाल ही में प्रमोट किया है। लिहाजा नेहा पांडे को राजनांदगांव स्थित 8वीं बटालियन में बतौर कमांडेंट पदस्थ किया है। खैरागढ़ एएसपी के तौर पर श्रीमती पांडे ने शराब फैक्ट्री का भंडाफोड किया था। वहीं गुमशुदा बच्चों की घर वापसी के लिए भी उनके नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य किए गए। विभिन्न एसआईटी में भी उन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया।

पुलिस महकमे में बेहतर कार्य के लिए राष्ट्रपति पदक से भी उन्हें नवाजा गया है। महिला सुरक्षा के मामले में खैरागढ़ जिला 33वां स्थान से 6वें स्थान पर आ गया। श्रीमती पांडे जशपुर और खरसिया एसडीओपी रही। रायगढ़ में सीएसपी के तौर पर उल्लेखनीय कार्य किया। जशपुर और गरियाबंद में बतौर एएसपी के अलावा श्रीमती पांडे एआईजी प्रशासन भी रही। पिछले दो साल से वह अविभाजित राजनांदगांव में पदस्थ रही। 8वीं बटालियन की वह पहली महिला कमांडेंट होंगी। जल्द ही वह अपना पदभार ग्रहण करेंगी।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

## डिजिटल फ्रॉड से बचने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आईडीबीआई बैंक द्वारा बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय विद्यालय में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों को डिजिटल बैंकिंग एवं उसमें होने वाले फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियो को बैंक की तरफ से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी दिया गया।

आईडीबीआई बैंक राजनांदगांव शाखा ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति थीम पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर राजनांदगांव के शासकीय बल्देव प्रशाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस आयोजन के दौरान कक्षा 11 के छात्रों के लिए सतर्कता के बारे में जागरूकता बढ़ाने आयोजित किया गया था। जिसमें भारत के भविष्य के रूप में उनकी भूमिका पर जोर दिया गया। इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे पर चर्चा की और छात्रों को सतर्क रहने और ऐसी घटनाओं को रोकने के तरीके बताए। इस प्रश्नोत्तरी को शिक्षकों और छात्रों दोनों से व्यापक सराहना मिली। जिसमें शीर्ष तीन प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस वर्ष 16 अगस्त से 15 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का चयन किया है। इस अभियान के तहत आईडीबीआई बैंक राजनांदगांव शाखा के उपमहाप्रबंधक एवं शाखा प्रमुख अभिषेक शर्मा द्वारा बसंतपुर स्थित बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस दौरान बैंक कर्मी आशीष पटेल एवं के. अविनाश उपस्थित रहे। डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र विद्यालय प्राचार्य कैलाश शर्मा एवं स्टॉफ द्वारा भी सहयोग दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411